दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 17 नवंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 449



## संक्षिप्त खबरें ।

### धर्म को घरों तक ही सीमित रखें, सार्वजनिक सड़कें प्रार्थना के लिए नहीं : राज ठाकरे

लोक तंत्र की आवाज़



**मुंबई(ठाणे)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की जनता से राज्य को वैभवशाली बनाने के लिए मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को वोट देने का आग्रह किया है। उन्होंने राज्य में राजनीतिक अस्थिरता की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें पूर्ण बदलाव की जरूरत है।राज ठाकरे ने ठाणे और कल्याण में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि वास्तविक विकास के लिए मनसे को वोट दें। साथ ही उन्होंने राज्य की राजनीतिक अस्थिरता की आलोचना भी की।

**मस्जिदों में लाउडस्पीकर का मुद्दा :** उन्होंने लोगों से कहा कि राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों में न फंसने, इसके बजाय महाराष्ट्र के कल्याण को प्राथमिकता दें। कहा कि मनसे सत्ता में आने के 48 घंटे के अंदर मस्जिदों में लाउडस्पीकर के मुद्दे का समाधान करेगी। धर्म को घरों तक ही सीमित रहना चाहिए, सार्वजनिक सड़कें प्रार्थना के लिए नहीं हैं।

**'हम यह करेंगे:** आपको बता दें कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में मतदान है। जिसके लिए 18 नवंबर को शाम पांच बजे के बाद से चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं है। राज ठाकरे ने मनसे का घोषणा पत्र जारी किया है। मनसे ने अपने घोषणा पत्र को 'हम यह करेंगे' नाम दिया है। घोषणा पत्र में शिक्षा, महिला सुरक्षा, बिजली, रोजगार, पानी और उद्योग को बढ़ावा देने का वादा किया गया है। इसके साथ ही सत्ता में आने पर मराठी अस्मिता, मराठी साहित्य, गढ़ और किला संवर्धन, महाराष्ट्र से संबंधित सभी स्थानों को समृद्ध करने पर वह ध्यान देंगे यह भी घोषणा पत्र में लिखा है।

### रूस का एसयू-57 चीनी जे-35 से हर मामले में बेहतर, दोनों देशों के फाइटर जेट्स में मुकाबले पर मशहूर टेस्ट पायलट का दावा

लोक तंत्र की आवाज़



**बीजिंग।** चीन के शहर झुहाई में हुए एयरशो में दो फाइटर जेट्स ने खासतौर से ध्यान खींचा है। इनमें एक रूस का एसयू-57 जेट है और दूसरा चीन का स्टील्थ लड़ाकू विमान ख-35 है। इन दोनों विमानों में मुकाबले पर जानेमाने टेस्ट पायलट सर्गेई बोगडान ने रूसी एसयू-57को चीनी जेट से बेहतर बताया है। बोगडान ने कहा है कि एसयू-57 ने सभी प्रमुख पहलुओं में चीन के ख-35 से बेहतर प्रदर्शन किया है। यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस के एसयू-57 फेलन ने झुहाई एयरशो में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज की है। वहीं चीन के दूसरे स्टील्थ लड़ाकू विमान जे-35 कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना। दोनों स्टील्थ जेट्स को वैश्विक निर्यात बाजार में मजबूत दावेदार के रूप में देखा गया है। हीरो ऑफ रसिया कहने जाने वाले रूसी टेस्ट पायलट बोगडान ने एसयू-57 के डिजाइन और ताकत में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह जे-35 समेत अपने दूसरे वैश्विक समकक्षों से ऊपर है।दूसरे जेट से एक कदम आगे है एसयू-57 बोगडान ने एसयू-57 की तुलना जे-35 से करते हुए कहा कि झुहाई जैसे एयर शो जेट की सीमित क्षमताओं को ही प्रदर्शित कर पाते हैं। एयर शो में किसी जेट की एयरोडायनैमिक विशेषताएं ही पता चल पाती हैं। किसी जेट की गतिशीलता, स्थिरता और कंट्रोल के संदर्भ में कम ही पता चल पाता है। बोगडान के अनुसार, एसयू-57 स्थिरता और नियंत्रण के क्षेत्रों में कठोर परीक्षण से गुजरा है, जो युद्ध के लिए इसकी मजबूती को दिखाता है। बोगडान ने कहा कि एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की विशेषताएं इसे रूस के शस्त्रागार का एक शक्तिशाली हथियार बनाती है। बोगडान ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए एसयू-57 की क्षमता पर कहा कि इसकी लड़ाकू क्षमताएं इसे विदेशी खरीदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं। मॉडर्न हथियार, लॉन्ग रेंज और व्यापक रक्षा प्रणाली एसयू-57 को अत्यधिक सक्षम विमान बनाती है।

## योगी अकेले ही नहीं, अखिलेश पर भारी पड़ेगा भाजपा का ये 'साथी'... 'कुंभ के मेले' गए थे बिछड़!

लोक तंत्र की आवाज़

**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**लखनऊ।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तरह बीजेपी यूपी की 9 विधानसभा सीटों के लिए भी चक्रव्यूह तैयार कर लिया है. सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे स्लोगन ने जहां यूपी में माहौल बना दिया है. वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस बार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती. 20 नवंबर को होने वाले चुनाव से ठीक पहले एसपी और बीजेपी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिया है. बीते कुछ दिनों से अखिलेश यादव ने रैलियों पर रैलियां कर माहौल को गर्म कर दिया है. वहीं, सीएम योगी और उनका पूरा मंत्रिमंडल मैदान में उतर आया है. बीजेपी के स्टार प्रचारक सीएम योगी ने जहां एनडीए का मोर्चा थाम रखा है. वहीं, समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव के कंधों पर इंडिया गठबंधन की कमान है।

उपचुनाव की 9 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए दोनों तरफ से बयानों के बाण छोड़े जा रहे हैं. दोनों तरफ से मौजूदा मुद्दों के साथ-साथ पुराने मद्दों को भी उछाला जा रहा है. अखिलेश यादव जहां पूरी तरह से यूपी को फोकस कर रहे हैं. वहीं, सीएम योगी के कंधे पर यूपी की 9 सीटों के अलावा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की भी कमान है. पीएम मोदी के बाद सबसे ज्यादा डिमांड इन दोनों राज्यों में सीएम योगी की हो रही है. इसके बावजूद सीएम योगी इन 9 सीटों को लेकर रणनीति बनाने में जुटे हैं।



**महाराष्ट्र के 'भीष्म पितामह' को चैलेंज दे रहे 'करन-अर्जुन', जब शरद पवार थे ो बच्चे थे राजनीति के ये दिग्गजः** क्या इस बार वह काम नहीं होगा, जो लोकसभा में हुआ था? बीते दो-तीन दिनों से यूपी की 9 विधानसभा सीटें गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, मझवां, मीरापुर, सीसामऊ कटेहरी, करहल और कुंदरकी सीट पर चुनाव प्रचार के अभियानों में तेजी आई है. शुरुआत में तो सिर्फ स्थानीय स्तर के नेता ही चुनाव प्रचार कर रहे थे. लेकिन, अब बड़े-बड़े नेताओं ने मोर्चा थाम लिया है. भाजपा और सपा के अलावा बसपा भी इस चुनाव में सभी 9 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं. ऐसे में बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों को गणित बिगड़ने का डर सता रहा है।

**योगी इस बार अखिलेश को देंगे करारा जवाबः** अखिलेश यादव जहां पीडीए को अपनी हर रैली में जिक्र करना नहीं भूलते तो वहीं, बीजेपी बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे के स्लोगन से जनता को सावधान करना नहीं भूलती. कानपुर की सीसामऊसीट को छोड़कर बाकी सभी सीटें विधायकों के सांसद बन जाने से खाली हुई है. सिर्फ सीसामऊ से इरफान सोलंकी को सजा होने की वजह से चुनाव हो रहे हैं. हालांकि, अब इलाहाबाद हाईकोर्ट से इरफान सोलंकी रिहा भी हो गए हैं. इस सीट पर इरफान सोलंकी पत्नी नसीम सोलंकी चुनाव लड़ रही हैं।

### अखिलेश के पीडीए पर भारी पड़ेगा बीजेपी का यह दांव

सीएम योगी गाजियाबाद में शनिवार को बीजेपी प्रत्याशी संजीव शर्मा के पक्ष में रोड शो करने जा रहे हैं. सीएम योगी इस उपचुनाव में पहली बार किसी विधानसभा सीट पर रोड शो करेंगे. वहीं, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की अभी तक करहल, फुलपुर फूलपुर, मझवां, मीरापुर, सीसामऊ कटेहरी, करहल और कुंदरकी में सभा चुकी है. गुरुवार को ही अखिलेश यादव ने फुलपुर पहुंच कर एसपी प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। ऐसे में बीजेपी को सपोर्ट करने के लिए अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी मैदान में कूद गई है. गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार की भाजपा नेताओं के साथ समन्वय बैठक हुई है. ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार संघ पूरी ताकत से इन 9 सीटों पर बीजेपी उम्मीदवारों के पक्ष में काम करने वाली है. बता दें कि लोकसभा चुनाव में ऐसा कहा गया कि संघ के स्वयंसेवक लोगों को घरों से मतदान बूथों तक पहुंचाने में रुचि नहीं दिखाई. जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव में सामने है. लेकिन, अब कहा जा रहा है कि कुंभ के मेले में बिछड़ने वाले अब इस चुनाव में बीजेपी के लिए जमकर काम करेंगे. यहां कुंभ के मेले में बिछड़ने का मतलब है बीते लोकसभा चुनाव में आरएसएस वर्करों की उदासीनता।

## राहुल जी संविधान की बात करते हैं, इसलिए लोग उनको...' बोकारो में मतदाओं ने कह दी यह बड़ी बात

लोक तंत्र की आवाज़

**कैलाश कुमार**

**बोकारो(बेरमो)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में अब कुछ ही समय बचा है. इस दौरान नेताओं द्वारा बोकारो जिले में प्रचार-प्रसार जोर-शोर से चल रहा है. इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बोकारो जिले के बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा के भंडारीदाह पहुंचे. जहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया. इस सभा में पहुंचे लोगों से राहुल गांधी को लेकर लोकल 18 कि टीम ने लोगों से उनकी राय ली है।



● बोकारो जिले के बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा के भंडारीदाह में राहुल गांधी की चुनावी सभा

इम्तियाज अंसारी ने बताया कि उन्हें राहुल गांधी की सारी बातें पसंद आती हैं. क्योंकि, वह देश के पुराने और बड़े पार्टी के सदस्य हैं. वह हमेशा विकास की बात करते हैं. कभी भी हिंदू-मुस्लिम भेदभाव नहीं करते हैं। इसलिए उन्हें राहुल गांधी पसंद हैं।

**राहुल गांधी नहीं है पप्पू, कहने वाले ही पप्पू :** योगेश मिश्रा ने कहा कि वह राहुल गांधी को खासतौर पर देखने के लिए आए हैं. राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं. विरोधी पार्टी के नेताओं द्वारा 'पप्पू' कहे जाने पर योगेश ने कहा कि विरोधियों का काम कटाक्ष करना है. लेकिन, अगर राहुल गांधी पप्पू नहीं हैं, तो फिर विरोधी पार्टी युवाओं को रोजगार क्यों नहीं दे पा रही है। वह भी पप्पू हैं।

**राहुल गांधी खानदानी राजनेताः** गीता देवी ने कहा कि वह राहुल गांधी को खास देखने के लिए जैना मोड़ से आई हैं. उन्हें राहुल गांधी कि सारी बातें पसंद हैं. क्योंकि, वह खानदानी राजनेता होने के बावजूद सामान्य लोगों से अच्छे व्यवहार करते हैं। सामान्य रहना पसंद करते हैं।

**विरोधी पार्टी खुद पप्पूः** मोहम्मद असलम ने बताया कि उन्हें राहुल गांधी इसलिए पसंद हैं. क्योंकि उन्होंने वर्तमान सरकार के साथ मिलकर बिजली मुफ्त करवाई और सड़क व्यवस्था भी सुधारने का काम किया. उन्हें उम्मीद है कि राहुल गांधी के आने से भविष्य में युवाओं को रोजगार मिलेगा. राहुल गांधी को पप्पू कहने पर उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टी खुद पप्पू हैं. वे किस छवि को खराब करना चाहते हैं. यह समझ से परे है।

### युवाओं की बात करते

अहमद राजा ने कहा कि उन्हें राहुल गांधी इसलिए पसंद हैं. क्योंकि वह एक युवा और पढ़े-लिखे नेता हैं. वह हमेशा युवाओं की बात करते हैं. उन्हें प्रेरित करते हैं .उन्हें उम्मीद है कि झारखंड में युवा नेताओं की सरकार बनेगी पप्पू कहने के बारे में उन्होंने कहा कि जो लोग ऐसा कहते हैं. वे कम पढ़े-लिखे होते हैं।

## किसानों को खत्म करना चाहते हैं पीएम मोदी, बोले राहुल गांधी



### अमरावती रैली

लोक तंत्र की आवाज़

**अमरावती ।** महाराष्ट्र के अमरावती में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान का जिक्रकिया. उन्होंने कहा कि संविधान देश का 'डीएनए' है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस के लिए यह कोरी किताब है। महाराष्ट्र चुनाव से पहले रैलियों का दौर जारी है. इस क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को अमरावती में रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बीजेपी और आरएसएस पर तंज कसा।

**उनके संबोधन की बड़ी बातें**

1. राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस संविधान को देश का 'डीएनए' मानती है, जबकि बीजेपी और आरएसएस के लिए यह एक 'कोरी किताब' है।
2. अमरावती में एक रैली में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संविधान में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकारें गिराई जा सकती हैं जैसा कि महाराष्ट्र में किया गया।
3. कांग्रेस नेता ने कहा कि संविधान में यह भी नहीं लिखा है कि बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया जा सकता है.
4. कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी द्वारा हाल ही में किए गए उस दावे के बाद यह टिप्पणी की है जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की एक प्रति दिखा रहे हैं जिसके अंदर खाली पन्ने हैं।
5. राहुल गांधी ने आरोप लगाया, मेरी बहन ने मुझे बताया कि इन दिनों प्रधानमंत्री मोदी उसी मुद्दे पर बोल रहे हैं जिसे मैं उठाता रहा हूं. मैंने उनसे लोकसभा में कहा था कि जाति जनगणना होनी चाहिए और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाई जानी चाहिए.
6. कांग्रेस नेता ने कहा कि अब पीएम मोदी अपनी चुनावी रैलियों में कह रहे हैं कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं. वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह याददाश्त चले जाने की समस्या से ग्रस्त हैं।

## कई देशों में हड़कंप: बाइडेन ने सहयोगी देशों संग बनाई चीन के खिलाफ रणनीति

लोक तंत्र की आवाज़

**लीमा।** अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में ट्रंप की धमाकेदार वापसी ने दुनिया के कई देशों में हड़कंप मचा दिया है। वजह साफ है कि ट्रंप यूरोप से लेकर एशिया तक अपने बेखौफ और बेधड़क अंदाज में सरकार चलाने के लिए जाने जाते हैं। यही वजह है कि अमेरिका के कई सहयोगी देश भी ट्रंप की वापसी से घबराए हुए हैं। कई देशों को अमेरिका में ट्रंप की वापसी से गठबंधन टूटने का खतरा सता रहा है। ऐसी परिस्थिति में सहयोगी देशों को भरोसा देने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को जापान और दक्षिण कोरियाई नेताओं से मुलाकात व बैठक की है। बाइडेन ने अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के गठबंधन को चीन की आक्रामता के खिलाफ सहयोग को और गहरा करने का प्रयास किया है।

बाइडेन ने ट्रम्प का नया प्रशासन शुरू होने से पहले ही अपनी राजनयिक प्रगति को मजबूत करने के लिए यह बैठक की है। इस दौरान जो बाइडेन ने उन सभी देशों को भरोसा देने का प्रयास किया, जिन्हें ट्रंप की वापसी से गठबंधन टूटने का डर है। वाशिंगटन और उसके दो सबसे करीबी एशियाई सहयोगियों के बीच यह ताजा बैठक बाइडेन के संग ऐसे वक्त हुई जब डोनाल्ड ट्रम्प आगामी 20 जनवरी से सत्ता संभालने जा रहे हैं। ऐसे में अमेरिकी सहयोगियों के अलावा प्रतिद्वंदी देशों को भी संबंध और बिगड़ने का अंदेशा होने लगा है।

### 20 जनवरी से आ रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप



**बीजिंग और ईरान के साथ बढ़ सकता है टकराव :** ट्रंप की वापसी से अमेरिका के कट्टर प्रतिद्वंदी चीन के साथ टकराव और बढ़ सकता है। वहीं ईरान और उत्तर कोरिया को भी ट्रंप निशाने पर ले सकते हैं। चीन को अमेरिका से संबंध और खराब होने का खतरा इसलिए भी सता रहा है कि ट्रंप ने पहले ही टैरिफ में तेज वृद्धि करने का वादा किया है, जो चीन की अर्थव्यवस्था को झकजोर सकता है। ऐसे में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका में ट्रंप की वापसी से चिंतित हो गए हैं। एक खतरा यह भी है कि उनके आने से कई अमेरिकी कंपनियां चीन से अपना कारोबार समेट सकती हैं।

**यूक्रेन के खिलाफ उत्तर कोरियाई सैनिकों की रूस में तैनाती से तनाव :** ट्रंप के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उत्तर कोरिया द्वारा रूस में अपने सैनिकों की तैनाती करना है। इससे यूरोप से लेकर एशिया तक में तनाव बढ़ गया है। इसके अलावा उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रमों से दक्षिण कोरिया के साथ उसके दशकों पुराने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की संभावनाएं भी कम हो गई हैं।

### अमेरिका ने जारी किया संयुक्त बयान

बाइडेन की बैठक के बाद एक बयान में कहा गया, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका संयुक्त रूस से उत्तर कोरिया और रूस के नेताओं द्वारा यूक्रेन में रूस की आक्रामकता के युद्ध को खतरनाक रूप से विस्तारित करने के फैसले की कड़ी निंदा करते हैं। पेरू के लीमा में हुए एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन में बाइडेन, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल और जापानी प्रधान मंत्री शिगेरु इशिबा मौजूद रहे। बैठक के बाद तीनों देशों ने रिश्ते को औपचारिक बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह सिर्फ बैठकों की एक श्रृंखला" नहीं थी। बल्कि दक्षिण कोरिया और जापान को एक साथ काम करने के लिए राजी करना भी शामिल है।

## पप्पू यादव ने भाजपा पर साधा निशाना हेमंत सोरेन को सीएम बनाने की अपील

लोक तंत्र की आवाज़

**जामताड़ा ।** जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर प्रखंड के मालवा मैदान में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने भाजपा व इसके शीर्ष नेताअओं को निशाने पर लिया।



सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ नहीं हो रहा है. घुसपैठ तो गुजरात के व्यापारियों का हो रहा है, जो झारखंड की संपत्ति को लूटना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए भाजपा के पूर्व के मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं. भाजपा क्या कर रही थी. साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया है कि प्रत्याशी इरफान अंसारी हिंदू मुसलमान नहीं करते हैं. सबको साथ लेकर चलते हैं. इरफान अंसारी इस्लाम को फॉलो करते हैं वह मुसलमान नहीं है। उन्होंने इरफान अंसारी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की. साथी हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करने को कहा. कहा कि आदिवासी, पिछड़ों के इतिहास को यदि बचाना है तो हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनना होगा।

## झांसी अग्निकांड: 10 मासूमों की दर्दनाक मौत के बाद रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल, योगी सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान

लोक तंत्र की आवाज़

**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**झांसी।** उत्तरप्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार रात भीषण आग लग गई। यहां की स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में आग लगी, जिसमें 10 मासूमों की दर्दनाक मौत हो गई।16 बच्चे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं, उनका इलाज जारी है। अब मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के बाहर भीड़ जमा है। रोते-बिलखते परिजन सवाल पूछ रहे हैं, बदहवास परिवार वाले इधर-उधर दौड़-भाग कर रहे हैं। अपने बच्चों को खोज रहे हैं। जिन मासूमों को मौत हुई, उनमें से तो कुछ ने कुछ घंटे पहले ही जन्म लिया था।





**सीएम योगी ने किया मुआवजे का ऐलानः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर त्वरित संज्ञान लेते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और तत्काल राहत कार्यों के आदेश दिए। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान करने की घोषणा की, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाने का आश्वासन दिया।

**पीएम मोदी ने जताया दुखः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दर्दनाक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे ₹मन को व्यथित करने वाला₹ हादसा बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात करीब पौने ग्यारह बजे एसएनसीयू वार्ड से धुआं निकलता दिखा। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जब तक कुछ समझ पाते, आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। वहां भगदड़ मच गई।

**दरवाजे पर आग के कारण बच्चों को नहीं निकाला जा सकाः** इसी बीच नवजातों को बाहर निकालने की कोशिश हुई लेकिन, धुआं और दरवाजे पर आग की लपट होने से नवजात समय पर बाहर नहीं निकाले जा सके। कुछ देर बाद दमकल की गाड़ियों के पहुंचने पर नवजातों को बाहर निकाला जा सका। वार्ड से 10 नवजात शिशुओं के शव बाहर निकाले गए हैं।

## बदमाशों के हमले में घायल हुए योगी सरकार के मंत्री स्टाफ और पीएसओ से भी मारपीट, पिस्टल भी लूटी गई

लोक तंत्र की आवाज़

**ग्वालियर ।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुक्रवार शाम को बड़ा कांड हुआ है। यहां यूपी सरकार के मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर हमला हुआ है। इस हमले के दौरान मंत्री को भी चोटें आई हैं और उनके स्टाफ और ढरड के साथ मारपीट हुई है। हमलावर मंत्री के ढरड की पिस्टल भी लूट ले गए।



**क्या है पूरा मामला? :** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के काफिले पर एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान काफिले की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई और उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गई। ये हमला उस वक्त हुआ जब मंत्री के साथ यूपी पुलिस के जवान भी थे। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी आगरा से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच ग्वालियर के बिलौआ थाना क्षेत्र के जौरासी गांव के पास एक ट्रक का हाईवे पर एक्सीडेंट हुआ था, जिसकी वजह से हाईवे पर जाम लगा हुआ था। जब मंत्री इस जाम में फंसे तो उनके काफिले ने रॉन्ग साइड से आगे बढ़ने का फैसला किया।

जैसेही वे दूसरी ओर से आगे बढ़े, इसी दौरान रास्ते में एक बाइक सवार उनके वाहन के आगे आ गया। जब राज्यमंत्री के पीएसओ सर्वेश ने उसे रास्ते से हटने और उन्हें निकलने देने की बात कही तो तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी युवक ने मंत्री के पीएसओ से बदसलूकी करते हुए हाथ उठा दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में बड़ा विवाद हो गया। इसके बाद आरोपी बंटी यादव ने मंत्री के पीएसओ की सरकारी पिस्टल छीन ली और अपने गांव से दो दर्जन लोगों को बुला लिया।

**करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने किया हमलाः** करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने इसके बाद ना सिर्फ मंत्री मन्नू कोरी के काफिले पर हमला किया, बल्कि वाहन पर भी पथराव किया। इस हमले में काफिले में मौजूद सुरक्षाकर्मियों के साथ मंत्री मन्नू कोरी को भी मामूली चोट आई हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज में पैक्स चुनाव नामांकन आज से,तैयारियां पूरी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज में पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 17 नवंबर से शुरू होगी। नामांकन कार्य 19 नवंबर तक सुबह 11 बजे से 3 बजे अपराह्न तक किया जाएगा। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में बीडीओ डा. पंकज कुमार ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बताया गया कि 17 से 19 तक तीन दिनों में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जबकि संवीक्षा कार्य 20 तथा 21 नवंबर को होगा। नाम वापसी 23 नवंबर को होगी और उसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। पैक्स चुनाव पहली दिसंबर को कराया जाएगा। साथ ही 1 व 2 दिसंबर को मतगणना कार्य किया जाएगा। बताया गया कि मकनपुर पैक्स को छोड़ वारिसलीगंज के 15 पैक्स का चुनाव चौथे चरण में सम्पन्न होना है। चुना । चुनाव को लेकर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जुटे हैं। जबकि प्रशासन शांति पूर्ण चुनाव प्रक्रिया पूरी करने में लगी है। चुनाव को लेकर विभिन्न पंचायतों में चहल पहल बढ़ी हुई है।

### प्रखंड क्षेत्र के धर्मप्रेमियों ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगायी आस्था की डुबकी

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार की अहले सुबह प्रखंड क्षेत्र के धर्मप्रेमियों ने सकरी नदी समेत विभिन्न जलश्रोतों एवं तालाबो में स्नान पश्चात भगवान विष्णु सहित विभिन्न देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। पूर्णिमा को लेकर कार्तिक मास परायण से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान एवं दीपदान के लिए जाते देखा गया। क्षेत्र की अधिकांश महिलाओं ने अहले सुबह प्रखंड के सकरी नदी के दरियापुर तथा मनिगढ़ घाट एवं मतकोरबा तालाब पर जलधारा में आस्था की डुबकी लगाई साथ ही अपसढ़ गांव स्थित पौराणिक शैरोदह तालाब तथा शांतिपूर्ण सूर्य मंदिर तालाब आदि स्थान पर स्नान बाद कार्तिक माह स्नान का ब्रत ले रखी धर्मप्रेमी महिलाओं ने अल सुबह स्नान पूजन एवं दीप दान की। कार्तिक पूर्णिमा को दिन प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगो ने अपने घरों व प्रतिष्ठानो में सत्यनारायण भगवान की पूजा एवं कथा का आयोजन किया।

### जन्तु विज्ञान विभाग में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**गया**। बाल दिवस के उपलक्ष्य में गया कॉलेज, गया के जन्तु विज्ञान विभाग में चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का विषय हमारा राष्ट्र पक्षी मयूर रखा गया है, क्योंकि 15 नवंबर को विश्व मयूर दिवस मनाया जाता है। मयूर भारत का राष्ट्रीय पक्षी क्यों है और इसका क्या महत्व है, इस विषय पर विचार व्यक्त करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्यार और सम्मान जागृत करना है। इस कार्यक्रम में जन्तु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेशमा यासमीन, शिक्षिका डॉ. अर्चना कुमारी, शिक्षक डॉ. मो. राशिद नईम तथा शेदार्थी मेधावी मधु उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में छात्रों को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अमीशा, द्वितीय स्थान पर वंदना कुमारी, तथा तृतीय स्थान पर कुँवर हर्ष सिंह रहे हैं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुँवर विशाल सिंह, द्वितीय स्थान पर सलोनी गुप्ता, तथा तृतीय स्थान पर स्मृति कुमारी रहीं हैं।

# रजौली : पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के जन्मदिवस पर सुअरलेटी जंगल में मनाया जायगा फुलवरिया डैम महोत्सव

**खेल प्रतियोगिताओं का होगा विराट आयोजन**

लोकतंत्र की आवाज

**रजौली**। नवादा 16 नवंबर। बहुउद्देश्यीय सामाजिक संस्था श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार 17 नवंबर को रजौली अनुमण्डल स्थित फुलवरिया डैम के निकट सुअरलेटी गाँव में पूर्व श्रम राज्यमंत्री श्री राजबल्लभ प्रसाद का जन्मदिवस धूम-धाम से मनाया जायगा। इस अवसर पर फुलवरिया डैम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायगा जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण समारोह एवं सामूहिक वनभोज आदि शामिल है। ट्रस्ट के अधिकारी अनिल प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार अकेला एवं शशिभूषण शर्मा ने बताया कि विगत तीन वर्षों से हरदिया पंचायत के सुअरलेटी गाँव स्थित खुटवा बाबा मैदान में श्री राजबल्लभ प्रसाद जी का जन्मदिवस धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन फुलवरिया डैम महोत्सव के रूप में मनाया जायगा जिसमें डूबा क्षेत्र के सैकड़ों स्कूली बच्चे बच्चियां विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। मुख्य रूप से कबड्डी, खो-खो, ऊँची कूद, लंबी कूद, सौ मीटर की दौड़, सुई धागा दौड़, मिष्टान दौड़ और गणित दौड़ मुख्य आकर्षण रहेगा। छोटे छोटे बच्चों के लिए इस बार माँ को जानो आवाज पहचानो मनोरंजन, मातृ प्रेम और वात्सल्य से भरपूर खेल होने वाला है। सभी प्रतियोगिताओं के लिए विजेता और उप





विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जायेंगे। इसके अलावे भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को भी पुरस्कृत किया जायगा। आज खेल प्रशिक्षक रामबिलास प्रसाद ने खुटवा बाबा मैदान में बच्चों को विभिन्न खेलों के लिए अभ्यास सत्र चलाया जिसमे सैकड़ों बच्चे बच्चियां शामिल हुए। इस विराट महोत्सव में नवादा विधायक श्रीमती विभा देवी, रजौली विधायक प्रकाशवीर, एमएलसी अशोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल रहेंगे। सभी खेल प्रतियोगिताओं के रेफरी व निर्णायक खेल प्रशिक्षक सह राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अलखदेव यादव, रामबिलास प्रसाद और अनिल कुमार होंगे।

## पाप का फल एक दिन मिलेगा जरूर पाप करने से बचें: आचार्य संजीव रूप



लोकतंत्र की आवाज

- वेद ही भगवान है, वेद ही हमे बचाता है पाप कर्मों से
- लोगों के पास शास्त्रों का ज्ञान के साथ-साथ शस्त्रों का होना जरूरी

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली**। नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित आर्य समाज मंदिर रजौली में महर्षि दयानंद सरस्वती की द्विशताब्दी जयंती व आर्य समाज के 150वीं वर्षगांठ पर वेद कथा का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के आस्था टीवी संत एवं वैदिक प्रवक्ता गायक कवि बाराकला में निपुण पूज्य आचार्य संजीव रूप के पावन सानिध्य में वेद कथा की अमृत वर्षा की गई। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि एकजुटता में ही बल है। मनुष्य को हर समय साथ रहना चाहिए। अलग अलग रहने से एकजुटता टूटी है। जिससे मनुष्य आगे नहीं बढ़ पाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मनुष्य को पाप का फल एक न एक दिन अवश्य मिलता है। शरीर का जो अंग पाप करता है, उसी अंग को पाप का फल भोगना पड़ता है। पहला गलत कार्य से पाप करते हैं। दूसरा असावधानी से इसलिए पाप करने से बचें एवं गलत कार्य कभी नहीं करें।लोग भगवान को मंदिर में खोजते हैं लेकिन भगवान हमारे अंदर हृदय में बसे है। इसलिए गलत कार्य करने से पहले जरूर सोचें। वेद ही भगवान है, वेद ही हमे पापकर्मों से बचाता है। वर्तमान समाज में महिलाओं की भूमिका पर आचार्य ने कहा कि आज के समय में लोगों के पास शास्त्रों का ज्ञान होने के साथ-साथ शस्त्रों का होना भी जरूरी है। क्योंकि जिसके पास ताकत होता है। उसी को दुनिया पूजा करती है। संघ में ही शक्ति है। इसलिए लोगों को सामर्थ्यवान होना चाहिए। कार्यक्रम के अवसर पर आर्य समाज मंदिर के प्रधान डॉ रामप्यारे प्रसाद, बजरंगी आर्य मानिक चंद्र आर्य, विजय आर्य, सुनील कुमार आर्य, सुजीत कुमार आर्य, अशोक सक्सेना, धीरज कुमार आर्य, दीपक कुमार, पत्रकार प्रफुल्ल कुमार सुमन के साथ दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने किया 6 शराबी गिरफ्तार, भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

- मौके से बाइक के साथ 2 लीटर देसी महुआ शराब जब्त, बाइक मालिक फरार

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदिया सेक्टर ए सुग्गा लाइन होटल के पास से पैक्स चुनाव में नॉमिनेशन के बाद कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी मनाते हुए शराब पीते 6 लोगों को रजौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए सभी शराबियों को शनिवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए सुग्गा लाइन होटल के पास पैक्स चुनाव के नॉमिनेशन के बाद खुशी मनाने के लिए कुछ लोग बैठकर शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान थाने के पीएसआई रौशन कुमार को उक्त स्थान पर भेजा गया। शराब पीते 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वही मौके से एक खड़ी बाइक में रहे 2 लीटर देसी महुआ शराब के साथ बाइक भी जप्त किया गया है। वही मौके से बाइक मालिक फरार हो गया। उन्होंने कहा कि छानबीन कर बाइक मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। वही शनिवार को सभी गिरफ्तार शराबियों का अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में स्वास्थ्य जांच कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

## पत्रकार देश की दिशा और नीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज़

**गया**। प्रेस दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने देशभर के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और यह समाज की न केवल खबरों को बल्कि देश की दिशा और नीतियों को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज प्रेस दिवस के अवसर पर गया शहर के पत्रकारों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया और बधाई शुभकामना देते हुए कहा पत्रकारों की भूमिका को सराहा और कहा कि वे न केवल घटनाओं को उजागर करते हैं, बल्कि समाज में हो रहे बदलावों और समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाते हैं।



उनकी मेहनत, ईमानदारी और निष्पक्षता समाज को सही मार्गदर्शन प्रदान करती है।उन्होंने विशेष रूप से देश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पत्रकारों के योगदान की सराहना की और कहा कि मीडिया के द्वारा देश हित और जनहित में अधिकारों और उनके मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि प्रेस दिवस के अवसर पर कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में पत्रकारिता के नए रूप सामने आए हैं।और पत्रकारों को इन बदलावों के साथ अपने कार्य को और भी प्रभावी बनाया निरपक्ष पत्रकारिता में पूरे विश्व में भारत नंबर वन पर है। अंत में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों के स्वास्थ्य और सफलता की कामना की है।

## वारिसलीगंज : तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत, कोहराम

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज बाजार के मुड़लाचक मोहल्ला निवासी स्व. भरत यादव के 59 वर्षीय पुत्र गाढ़ो यादव की मौत शुक्रवार को तालाब में डूबने से हो गई।घटना स्थानीय आंबेडकर छात्रावास से पूरब समीचक तालाब में दोपहर बाद घटी।घटना के बाद परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। वार्ड छह के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि उदय कुमार ने बताया कि गाढ़ो यादव अपनी भैंस को लेकर तालाब में धोने गए थे। इसी बीच वे तालाब के गहरे पानी में चले गए, जहां डूब जाने से उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों द्वारा हो हल्ला करने बाद जुटे मुहल्ले के लोगों द्वारा तालाब से अधेड़ का शव निकाला गया। अधेड़ की मौत से आहत परिजनो का रो रोकर बुरा हाल बना है। बताया गया मृतक मवेशी पालन कर परिवार का भरण पोषण करते थे। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

## थाने में आयोजित जनता दरबार में आए 4 मामलों का किया गया निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली**। शनिवार को रजौली थाने में सीओ गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में जमीन विवाद से संबंधित कुल 4 मामले आए। जिसमें से जमीन विवाद के सभी 4 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सीओ मो गुफरान मजहरी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के रजौली से संजीव कुमार बिहारी बनाम रंजीत कुमार, मुरहेना से बासुदेव प्रसाद बनाम बसंती देवी, बहादुरपुर से दिवाकर कुमार बनाम रोहित कुमार व अन्य, शिवदानी पंडित बनाम बबलू पंडित के जमीन विवाद से संबंधित कुल 4 मामले



जनता दरबार में आए थे। जिसमें से सभी मामलों में दोनों पक्षों के सहमति से ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर अंचल के नाजीर शिवशंकर कुमार व थाने के एसआई नूर आलम आदि उपस्थित थे।

### अवैध रूप से बिजली चोरी करने के विरुद्ध सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, लगाया गया जुर्माना

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज विधुत अनुमंडल कार्यालय के छापेमारी टीम द्वारा थाना क्षेत्र के पैंगरी पंचायत की बेलदरिया गांव में छापेमारी कर सात लोगों को चोरी से बिजली का उपयोग करते चिन्हित किया। बाद में विभाग के जेई राहुल कुमार के आवेदन पर सभी चिह्नित लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। सभी लोगों से 1,07739 रुपये जुर्माने वसूले गए।प्रखंड में अवैध रूप से बिजली चोरी करने के बालो के विरुद्ध हड़कंप मच गया है।

## बिहारशरीफ : माता विरांगना ऊदा देवी को श्रद्धांजलि दी गई

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ के पचासा चौक स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के तत्वाधान में माता बिरांगना ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर डॉ भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान एवं मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश जनपद के उजरियांव गांव की ऊदा देवी पासी जाति में पैदा हुई। वे बचपन से ही जुझारू स्वभाव की थी। उनके पति मक्का पासी अवध के नवाब वाजिद अली शाह की पलटन में एक सैनिक थे। देसी रियासतों पर अंग्रेजों के बढ़ते हस्तक्षेप को देखते हुए महल की रक्षा के उद्देश्य से स्त्रियों का एक सुरक्षा दस्ता बनाया गया तो उसके एक सदस्य के रूप में ऊदा देवी को भी नियुक्त किया गया। ऊदा देवी में गजब की क्षमता थी जिसे नवाब की एक बेगम हजरत महल उनसे बहुत प्रभावित हुई। नियुक्ति के कुछ ही दिनों के बाद में ऊदा देवी को बेगम हजरत महल की महिला सेवा का कमांडर बना दिया गया।महिला दस्ते के कमांडर के रूप में ऊदा देवी ने जिस अदम्य साहस दूरदर्शिता और शौर्य का परिचय दिया, जिसे अंग्रेजी सेना चकित रह गई। 10 मई 1857 को आजादी का बिगुल फुकने के बाद लखनऊ के चिनहट के निकट ईस्माईलगंज में हेनरी लारेंस के नेतृत्व में ईस्ट इंडिया फौजी की लखनऊ की फौज से ऐतिहासिक लड़ाई हुई। इस लड़ाई में हेनरी लारेंस की भाग खड़ी हुई किंतु अप्रत्याशित वीरता का प्रदर्शन करते हुए ऊदा देवी के पति मक्का पासी बलिदान



हो गए तब ऊदा देवी ने अपने पति के शव पर उनके बलिदान का बदला लेने की शपथ ली थी। अंग्रेजों की सेना चिनहट के पराजय का बदला लेने के लिए तैयारी कर रही थी उन्हें पता चला कि लगभग 2000 विद्रोही सैनिकों ने लखनऊ के सिकंदर बाग में शरण ले रखी है 16 नवंबर 1857 को कोलिन कम्बेल के नेतृत्व में अंग्रेज सैनिकों ने सिकंदर बाग की उस समय घेराबंदी की जब आजादी के मतवाले सैनिक सो रहे थे या फिर लफरवाह थे।उस समय यहां पर ऊदा देवी की महिला सैनिक भी मौजूद थी। असावधान सैनिकों की हत्या करते हुए अंग्रेज सैनिक तेजी से आगे बढ़ रहे थे। हजारों सैनिक मारे जा चुके थे पराजय सामने नजर आ रही थी मैदान के एक हिस्से में महिला टुकड़ी के साथ मौजूद ऊदा देवी ने पुरुष के कपड़े पहन लिए हाथों में बंदूक और भरपूर गोला बारूद लेकर वे पीपल के एक ऊंचे पेड़ पर चढ़ गई। ब्रिटिश सैनिकों को मैदान के उस हिस्से में आता देख ऊदा देवी ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी उन्होंने विदेशी सैनिकों को तब तक प्रवेश नहीं करने दिया जब तक उनका गोला बारूद नहीं समाप्त हो गया। ऊदा देवी ने अकेले ही दो बड़े अफसर कपूर और लैंम्सइन सहित 36 अंग्रेजों को मार गिराया था। गोलियां समाप्त होने के बाद अंग्रेजी सैनिकों ने पेड़ को घेर कर उन पर अंधाधुंध फायरिंग की और उन्हें गोलियों से छानी कर दिया लाल रंग की कसी हुई जैकेट और पैंट पहने ऊदा देवी की शरीर जब पेड़ से गिरी तो उनका जैकेट खुल गया कैंपबेल यह देखकर हैरान रह गया की वीरगति को प्राप्त होने वाला कोई पुरुष नहीं अपितु महिला थी। इस मौके पर उपस्थित सभी ने माता विरांगना ऊदा देवी के शहादत को याद करते हुए उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिए। इस मौके पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद जिला उपाध्यक्ष लालती देवी मनी पासवान अर्जुन प्रसाद सूरज प्रताप कोहली फग्गू पासवान नगीना पासवान मुन्ना पासवान आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गौ चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

- अभी तक गौ की नहीं हो सकी बरामदगी, पुलिस कर रही एक और चोर की तलाश

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के डाक बंगला चौराहा के पास शुक्रवार को गौ पालक के घर से एक गाय चोरी हो गई। गौ पालक चमारी साव के बेटे कृष्णा साव के द्वारा थाने को आवेदन दिया गया। आवेदन के बाद थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के द्वारा छानबीन की गई। छानबीन के दौरान गौ पालक के घर के नजदीक लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद एक चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। थाने को दिए आवेदन में गौ पालक कृष्णा साव ने बताया कि हर दिन की तरह उस दिन भी गाय को घर के पास खूंटा में बांध दिया था। शुक्रवार को किसी अज्ञात चोर के द्वारा खूंटे से गाय को खोलकर गाय को ले भागा। इसके बाद गाय चोरी से संबंधित आवेदन रजौली थाने को दिया गया। थाने को दिए आवेदन के बाद थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने गौ पालक के घर के पास छानबीन की। छानबीन के दौरान घर के नजदीक लगे सीसीटीवी फुटेज के जांच के बाद सीसीटीवी में गाय को ले जाते दो आदमी दिख रहे थे। इसके बाद थानाध्यक्ष ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डाक बंगला चौराहा निवासी स्व सुंदर प्रसाद यादव के बेटे चंद्रिका प्रसाद उर्फ भगत को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गाय चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ था। इसके बाद छानबीन की गई। छानबीन के क्रम में सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि चंद्रिका प्रसाद अपने एक साथी के साथ गौ पालक के घर के तरफ गया।उसके बाद उधर से वापस गाय को साथ लेकर आ रहा था। गाय चोरी में उसके साथ एक और व्यक्ति था। गाय ले जा रहे व्यक्ति की गिरफ्तारी कर ली गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। लेकिन अभी तक गाय की बरामदगी की नहीं हो सकी। गाय चोरी करने वाले एक और व्यक्ति की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बेटे ने प्रेमिका को मंगलसूत्र पहनाने से आहत होकर मां बेटी ने खाया जहर



**रिपोर्ट नीतीश कुमार**

बिजनौर थाना मंडावर क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर का मामला सामने आया बेटे से परेशान होकर मां और बेटी ने खाया जहर एक खेत में मां बेटी के पड़े मिले शव मिलने से गांव मे हड कप मच गया बताया जा रहा है की मां और बेटी ने एक साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली सूत्रों के अनुसार पता चला की मां अपने बेटे और बहन अपने भाई से परेशान होकर मौत को गले लगा लिया बताया जा रहा है की लड़की का नाम स्वाति जिसकी उम्र 21 वर्ष और माता का नाम उषा जिसकी उम्र 53 वर्ष है सूत्र से पता चला कि बेटे की प्रेमिका से शादी करने से नाराज मां और बेटे ने मौत को गले लगा लिया वही बेटा अपनी प्रेमिका को लेकर चला गया पुलिस ने दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृत्यु को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है पुलिस पूरी तरह घटना की जांच पड़ताल में जुटी है

### ददरी मेला में पांच चौराहा को चिन्हित किया गया

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** पहली बार ददरी मेला में पांच चौराहा को चिन्हित किया गया है जिसे बलिया संस्कृति और गौरव को स्थापित करने के लिए नामकरण महर्षि भृगु चौराहा, दर्दर मुनी चौराहा,शहीद चौक ,भारतेंदु चौराहा ,बलिया 2.0 सर्कल किया गया है पहला चौराहा महर्षि भृगु के नाम से बनेगा जो दर्दर मुनि के गुरु हैं दूसरा चौराहा का दर्दरा मुनि के नाम से बनेगा, जिसके नाम पर ददरी मिला लगता है। तीसरा चौराहा भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाम से भारतेंदु चौराहा बनेगा, जिनके नाम पर भारतेंदु कला मंच लगाया जाता है ।चौथा चौराहा वीर सपूतों की धरती होने के कारण शहीद चौक के नाम से बनेगा। पांचवा चौराहा बलिया 2.0 सर्कल के नाम से बनेगा जो बलिया के विकास और भविष्य को प्रदर्शित करेगा।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में नव चयनित प्रवक्ताओं की तैनाती आनलाइन माध्यम से की जाएगी



**रत्ना**

**लखनऊ।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में नव चयनित प्रवक्ताओं की तैनाती आनलाइन माध्यम से की जाएगी। 500 शिक्षकों की भर्ती में अब दूसरी सूची के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को ऑनलाइन पदस्थापन के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए। ऐसे 88 राजकीय माध्यमिक स्कूल जहां इस समय एक भी नियमित शिक्षक तैनात नहीं है, वहां सबसे पहले नव चयनित अभ्यर्थी की तैनाती होगी। यहां अभी विद्यालय संविदा शिक्षकों के भरोसे चलाया जा रहा है। विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा उमेश चंद्र की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार दूसरी श्रेणी में वह 222 राजकीय माध्यमिक स्कूल हैं, जहां सिर्फ एक-एक नियमित शिक्षक है।

# मंडावर : दिवाली की छुट्टी मनाने घर पर आए सीआरपीएफ के जवान की बुखार से हुई मौत, दुख की लहर

लोकतंत्र की आवाज

दिल्ली के एक हॉस्पिटल में जवान की मौत हो गई



**रिपोर्ट नीतीश कुमार**

मंडावर के ग्राम जट बहादरपुर मैं बुखार से सीआरपीएफ के जवान की मौत हो गई और गांव में दुख की लहर दौड़ गई पार्थिव का शरीर गांव पहुंचने पर हर किसी की आंखें हुई नम दीपावली पर्व पर छुट्टी पर आए एक सीआर पीएफ जवान को बुखार आ गया जिसमें परिजनों ने उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया मगर तबीयत में सुधार ने होने के कारण उसे दिल्ली के एक हॉस्पिटल मैं रेफर कर दिया गया मगर दिन गुरुवार को उपचार के दौरान दिल्ली के एक हॉस्पिटल में जवान की मौत हो गई शुक्रवार को उसके पार्थिव शरीर को गांव में लाया गया जिसमें सभी लोगों की आंखें नम हो गई और गांव में शोक की लहर तोड़ पड़ी थाना क्षेत्र मंडावर के चंदक चौकी के अंतर्गत ग्राम जट बहादरपुर निवासी रामनाथ का 27 वर्षीय पुत्र विक्रांत कुमार संन 2017 में भर्ती हुआ और महाराष्ट्र के मुदखेड में एक कुक के पद पर तैनात था वह दीपावली पर्व की छुट्टी बिताने अपने घर पर आया हुआ था जिसमें दो नवंबर को जवान को बुखार आ गया परिजन उसे बिजनौर लेकर गए बिजनौर से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन मेरठ में भी तबीयत में कुछ सुधार नहीं हुआ तो दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर गुरुवार को उपचार के दौरान दिल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और शुक्रवार की सुबह सीआरपीएफ के जवानों की टुकड़ी उसके पार्थिव शरीर को गांव में लेकर आई तो सभी की आंखें नम हो गई और गांव में दुख की लहर तोड़ पड़ी मंडावर थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह भी पुलिस टीम के साथ उसके घर पहुंचे और दुख जताया उनकी मौत की खबर सुनते ही उनके घर पर लोगों का आना-जाना लगा हुआ था और सभी की आंखें नम दिख रही थी।

# एसएसपी देहरादून ने विदेश भेजने के नाम पर कबूतर बाजी में कसा शिकंजा



लोकतंत्र की आवाज

● शातिर कबूतरबाज आया दून पुलिस की गिरफ्त में

**रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान**

देहरादून पुलिस के द्वारा विदेश भेजने के नाम पर कबूतर बाजी में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार करके भेजा जेल प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरदीप सिंह पुत्र श्री परमजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 6 शेरगढ़ पोस्ट ऑफिस माजरी ग्रांट डोईवाला देहरादून ने दिनांक 15 नवंबर 24 को थाना बसन्त विहार में प्रार्थना पत्र दिया कि रेनी इमिग्रेशन कंपनी, बसंत विहार के मालिक (1) आनंद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय हरि ओम गुप्ता निवासी पितांबरपुर बड़ोंवाला (2) श्रीमती तानिया गुप्ता पत्नी आनंद गुप्ता, जो लोगों को विदेश भेज कर नौकरी दिलाने का कार्य करते हैं, जिन्होने उनसे विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर उनके समस्त डॉक्यूमेंट व 24 लाख रुपए अलग-अलग माध्यम से लिये गये तथा आनंद गुप्ता एवं तानिया गुप्ता द्वारा उन्हें नौकरी स्किल्ड वर्कर के रूप में ब्रिटेन में लगाने का फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा गया तथा उनके द्वारा अपने पैसे वापस मांगने पर उनके द्वारा गाली गलौज और धमकी देकर अपने ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। एसएसपी देहरादून के निर्देशन में टीम गठित की गई और दिनांक 15 नवंबर 24 को धोखाधडी में लिप्त अभियुक्त आनंद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय हरिओम गुप्ता निवासी पितांबरपुर पोस्ट ऑफिस बड़ा वाला थाना बसंत विहार उम्र 39 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# बदहाल सरकारी अस्पताल : जंग लगी सुइयों से हो रहा इलाज

लोक तंत्र की आवाज



**रत्ना**

कानपुर,बदहाल सरकारी अस्पताल : जंग लगी सुइयों से हो रहा इलाज

सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार कानपुर शहर के "रश्ट मेडिकल कॉलेज में निम्न स्तरीय उपकरण की सप्लाई नोएडा के एक कंपनी रढट मेडिकेयर **PVT LTD** द्वारा किया गया । कंपनी द्वारा ८०हजार क्श्र उंल्लल्ल४' की सप्लाई कराई गई थी जिसके निडिल में जंग लगे होने की सूचना प्राप्त हुई थी। कंपनी के टऊसे बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने ने कोई बात नहीं की। निम्न स्तरीय समान के इस्तमाल होने से मरीजों के संक्रमित होने और उनकी जान जाने का खतरा भी था । निम्न स्तरीय समान के पाए जाने के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया जिसे बाद में दबाने का प्रयास किया गया।

# उत्तर प्रदेश में 20 नवंबर को उपचुनाव (UP By-Election 2024) के लिए नौ सीटों पर मतदान होने हैं

लोक तंत्र की आवाज



**रत्ना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 20 नवंबर को उपचुनाव (**UP By-Election** 2024) के लिए नौ सीटों पर मतदान होने हैं। सत्ताधारी भाजपा (इखढ) और समाजवादी पार्टी समेत सभी पार्टियों के दग्गिज नेता मैदान में हैं और चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इस बीच एक नाम सबसे अधिक चर्चा में आ गया है। ये नाम है पूजा पाल (ढङ्घ्ह्ल ढं') का, जो हैं समाजवादी पार्टी की वधायक, लेकनि वोट भाजपा प्रत्याशी के लएि मांग रही हैं। बता दें, पूजा पाल कौशांबी जिले के चायल विधानसभा सीट से सपा की विधायक हैं। पूजा पाल ने फरवरी में राज्यसभा सदस्य चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी को वोट दयिा था। इस बारे में जब उनसे बात की गई थी तो उन्होंने वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, "प्रयागराज वर्षों तक आतंक का गढ़ था। मेरे विधायक पति की सरेआम हत्या कर दी गई। मैंने उन्हें न्याय दिलाने के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया का अंत करके मुझे न्याय दिलाया है। यह वोट एक बहन की ओर से भाई (योगी आदित्यनाथ) के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है।" यूपी में अब उपचुनाव हो रहे हैं और सपा विधायक पूजा पाल सक्रिय हो गई हैं। वह भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांग रही हैं। अब तक वह 16 ग्राम पंचायतों में दौरा कर चुकी हैं। यह वह इलाके हैं जहां पाल बिरादरी के लोग अधिक हैं। जन संपर्क करने के साथ वह नुक्कड़ सभा भी कर रही हैं। उन्होंने बीते दनिों भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में वोट मांगा था। गुरुवार को मझवां विधानसभा सीट पर भाजपा के लिए जनसंपर्क किया। जनता से भाजपा की प्रत्याशी शुचिस्मिता मौर्या के लिए वोट मांगा। पूजा पाल ने ग्राम दाढीराम, चिकुलिया, सुखनई, चादलेवा में जनसंपर्क किया और कहा कि सपा सरकार उनके पति स्व. राजू पाल की हत्यारी है। मझवां की जनता सपा प्रत्याशी को हराकर उनके पति की हत्या का बदला ले।

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस-2024 (प्रारंभिक) परीक्षा की तिथि घोषित कर दी

लोक तंत्र की आवाज




**रत्ना**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस- 2024 (प्रारंभिक) परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 22 दिसंबर को होगी। सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2:30 से 4:30 की पाली में होगी।

इससे पहले आयोग ने यह परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित की थी। साथ ही परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू कर दिया था। वहीं छात्र दो दिवसीय परीक्षा और नॉर्मलाइजेशन का विरोध करते हुए वनडे-वन शिफ्ट परीक्षा की मांग और नॉर्मलाइजेशन के विरोध में सोमवार से आयोग पर आंदोलन शुरू कर दिया था। इस प्रकरण में छात्र आंदोलन पर झुकते हुए आयोग ने गुरुवार को पीसीएस की परीक्षा पूर्व की भांति एक दिवस में कराने का निर्णय लिया था। इसके बाद शुक्रवार को आयोग ने 22 दिसम्बर परीक्षा की तिथि घोषित कर दी। आयोग की ओर से बताया गया कि प्रतियोगी छात्रों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 की तिथि को बदलते हुए नई तिथि 22 दिसंबर घोषित की है। यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए की गई पहल के बाद लिया गया है। आयोग ने कहा, प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, अब यह परीक्षा एक ही दिन में संपन्न कराई जाएगी। पहले यह परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो दिनों में आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित किया जाएगा।

# बलिया : जिलाधिकारी ने ददरी मेला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने ऐतिहासिक ददरी मेला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए भारतेंदु सांस्कृतिक मंच स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंच का स्टेज 4 फीट ऊंचा हो, मंच पर कलाकारों के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए, एलईडी स्क्रीन 2 फीट ऊंचा लगाया जाय। स्टेज का प्रकाश अच्छी गुणवत्ता का हो, पर्याप्त बैरिकेडिंग कराई जाय। दर्शक दीर्घा ब्लॉक में विभाजित किया जाय। 15 हजार लोगों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। मीडिया को कवरेज के लिए समुचित व्यवस्था किया जाय। सांस्कृतिक कलाकारों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग स्विस कार्टेज बनाए जाय। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ददरी मेला क्षेत्र के 80 एवं 60 फीट रास्तों पर कोई दुकान न लगने पाए। तहबाजारी के लिए पृथक से स्थान चिन्हित किया जाय, जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,बलिया श्री सुभाष कुमार ने बताया कि अलग से स्थान चिन्हित कर लिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संपूर्ण ददरी मेला क्षेत्र में साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा जमीन समतलीकरण का कार्य भी कर लिया जाय। निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन, अपर जिलाधिकारी डी0 पी0 सिंह, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत त्रिवेदी एवं अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्रुखाबाद से रायबरेली तक: 24 घंटे में पांच दर्दनाक हादसों में कई जिंदगियां उजड़ीं, 10 से ज्यादा मौतें; दर्जनों घायल

लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना**

**फर्रुखाबाद।** से रायबरेली तकः 24 घंटे में पांच दर्दनाक हादसों में कई जिंदगियां उजड़ीं, 10 से ज्यादा मौतें; दर्जनों घायल फर्रुखाबाद से रायबरेली तकः 24 घंटे में पांच दर्दनाक हादसों में कई जिंदगियां उजड़ीं, 10 से ज्यादा मौतें; दर्जनों घायल उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पांच बड़े सड़क हादसे हुए जिनमें 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। फर्रुखाबाद रायबरेली अयोध्या और बिल्हौर में हुए इन हादसों में कोहरे तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण सड़कें खून से सनी रहीं। पांच अलग-अलग घटनाओं में 18 से अधिक लोग घायल हुए जिनमें से कई की हालत गंभीर है। सभी हादसों के बाद संबंधित प्रशासन ने राहत कार्य शुरू किया है। शुक्रवार का दिन उत्तर प्रदेश में लगातार दुर्घटनाओं से भरा रहा, जिसे 'हादसों का शुक्रवार' कहना उचित होगा। विभिन्न जगहों पर घने कोहरे और लापरवाह ड्राइविंग के कारण कई दर्दनाक सड़क हादसे हुए, जिनमें कई लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए।




**पहला हादसाः** फर्रुखाबाद के इटावा-बरेली हाईवे पर घने कोहरे के चलते एक रोडवेज बस सड़क पर खड़े डंपर में जा घुसी। हरदोई निवासी सरमीम, जो अपने परिवार के साथ दिल्ली में सिलाई का काम करते हैं, अपने पिता के देहांत के कारण परिवार के साथ हरदोई लौट रहे थे। इस दुर्घटना में सरमीम की 20 वर्षीय बेटी सहाना की मृत्यु हो गई, जबकि उनकी पत्नी नूर जहां और रिश्तेदारों समेत 18 लोग घायल हो गए। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सैंफई रेफर कर दिया गया। इस दुर्घटना के कुछ देर बाद ही एक कार भी इसी स्थान पर डंपर से टकरा गई।

# कलियुगी पुत्र ने अपने पिता को खेत में फावड़े से मारकर मौत की नींद सुला दिया

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** उभांव थाना अंतर्गत मुबारकपुर गांव निवासी कलियुगी पुत्र ने अपने पिता को चन्द्रौल गांव स्थित खेत में फावड़े से मारकर मौत की नींद सुला दिया। थाना पुलिस ने फील्ड यूनिट को सूचित करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर ने बताया कि मुबारकपुर गांव निवासी जयप्रकाश चौहान (55) अपने 20 बर्षीय बेटा मोहित चौहान के साथ खेत में सिंचाई करने गये थे। वहां किसी बात को लेकर मोहित चौहान न सिर्फ उनसे उलझ गया, बल्कि.चन्द्रौल गांव स्थित खेत में ही उन पर फावड़ा (कुदाल) से हमला कर घायल कर दिया। खून से लथपथ जयप्रकाश खेत में ही गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल जयप्रकाश को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक द्वारा उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना कारित करने वाले अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस फोर्स तैनात है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शिवपुर पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सरोज सिंह ने अपना नॉमिनेशन दाखिल किया



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड सूचना प्रोद्योगिक भवन में गुरुवार की शाम समाप्त हो गया। इस दौरान प्रखंड के अलग-अलग पंचायत से आए उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा भरा। पैक्स चुनाव नामांकन के तीसरे दिन प्रत्याशियों के साथ उनके प्रस्तावक गवाह और समर्थकों की भीड़ जुटी रही। वही शिवपुर के पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सरोज सिंह ने ने भी अपना नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किया। बता दें कि शिवपुर पैक्स के वर्तमान अध्यक्ष सरोज सिंह ने विगत दो टर्म से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होते आ रहे हैं। तीसरी बार भी अपना नामांकन गुरुवार को दाखिल करवाई, जिसमें सदस्यों और ग्रामीण जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला। अपना नामांकन को लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ अपने पंचायत से ही ढ़ोल नगाड़े एवं बाजे के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। उसके बाद नामांकन कर वापस बाहर आने पर पहले से अपने नेता का इंतजार कर रहे समर्थकों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं अबीर गुलाल उड़ा कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं समर्थकों का अपने नेता के समर्थन में जयकारे से उनका जोश सातवें आसमान पर था। नामांकन के उपरांत अध्यक्ष सरोज सिंह ने बताया कि विगत एक बार से जनता का आशीर्वाद प्राप्त होते आ रहा है। इस बार भी आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जनता मुझ पर भरोसा करेंगी और अपना आशीर्वाद जरूर देगी। उन्होंने कहा कि हमने जो किसानो के साथ वादा किया था, मैने पूरा किया। उन्होंने कहा कि हमने जितना अपने पंचायत में किसानों को सेवा किए हैं। इस बार जीता हूं तो इससे भी बेहतर अपने पंचायत के किसानों के लिए बेहतर कार्य करूंगा।

### पाकुड़ निशात आलम के पक्ष में यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा ने जमीन स्तर पर झोंकी ताकत



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी तनवीर आलम के निर्देश पर पाकुड़ यूथ कांग्रेस विधानसभा महासचिव आबुतालाहा एवं महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के गगनपहाड़ी, तथा मोमिन टोला, मदनमोहनपुर, घाट टोला में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का अपील की साथ ही ग्रामीणों को गठबंधन सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा बिजली बिल माफी योजना,200 यूनिट फ्री बिजली,सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना,50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन योजना ,मैया सम्मान योजना जिसकी राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 दिसंबर माह से दी जाएगी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सहमति जताई और कहा कि वे हाथ छाप के साथ हैं और हाथ छाप में ही वोट डालेंगे। इस अभियान में आबुओबाईदा,,आकमाल शैख, लुतफल अंसारी , अंबिया खातून, मुझकेरा बीबी, साहानाज खातुन, मिनी बीबी, जासमिरा खातून, रूबी खातून, साजेनुर बीबी, मिना बीबी, आसमिरा खातून, आदि उपस्थित थे।

### सोलह लीटर विदेशी शराब बरामद

लोकतंत्र की आवाज
दिलीपकुमार ठाकुर
शिवाजीनगर/समस्तीपुर। हथोड़ी थाना पुलिस द्वारा बीती रात्रि मिली गुप्त सूचना पर पीटीसी रविन्द्र प्रसाद यादव बलों के साथ ग्राम महेशवारा अभियुक्त महंथी देवी पति कुलानंद सिंह के घर से विदेशी शराब 180 मिली का 94 पैकेट कुल लगभग सोलह लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया तथा इस संबंध में हथौड़ी थाना कांड संख्या 59/24 अंकित करते हुए कारोबारी की गिरफ्तारी वास्ते सघन तालासी शुरू की गई की पुस्टि थानाध्यक्ष मोनू राय ने की हैं वही शिवाजीनगर थाना पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के कोची निवासी नथुनी पासवान पेसर रामबिलास पासवान को पांच लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्त मे ले माननीय न्यायलय मे उपस्थापन वास्ते भेजा गया की पुस्टि थानाध्यक्ष छोटू कुमार सिंह ने की है।

# बरहरवा में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने चलाया चुनावी जनसंपर्क अभियान

लोकतंत्र की आवाज



मामलोत सेख
बरहरवा। पाकुड़ विधानसभा के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत रहमतपुर, बीरनाथपुर, फतेहपुर, मोहनपुर ग्राम एवं बरहरवा नगर के गोपालडांगा , चंडीपुर , सीमलतल्ला, घोरईपोखर, धोबी पोखर , बनिया पोखर , नवाबपाड़ा, बुढ़िया पोखर , बड़ी मस्जिद , कहारपाड़ा , हाटपाड़ा, रेलवे मुशहरी, रेलवे कॉलोनी , मलिक पाड़ा ,का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने चलाया चुनावी जनसंपर्क अभियान ।

कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने 20 नवंबर को ईवीएम क्रमांक 2 के बटन हाथ छाप पर वोट कर के भारी मतों से विजय दिलाने की जनता से की अपील । निसात आलम कहा की गठबंधन सरकार जनता की सरकार है और ये जनता की हित में काम करती है और ये धर्म की राजनीतिक नहीं करती है। सबका सम्मान करती है इसलिए सरकार ने जनता के हित में महिलाओं को दिया सम्मान ।

**50 वर्ष की महिलाओं को दिया वृद्धा पेंशन का लाभः** मईया सम्मान योजना 18 से 49 वर्ष की प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह मईया सम्मान योजना के तहत दिया ₹ 1000 के सम्मान राशि। ठीक इसी प्रकार इस चुनाव में जीत के बाद फिर से गठबंधन की सरकार पिछले योजनाओं से भी बेहतर योजनाएं आप सभी को लाभ के रूप में देगी। कहा कि गठबंधन की सरकार ने दिया है इसलिए जनता को योजनाओं की सौगात देने की बात करते हैं।

**जैसे कि र 450 मे गैस सिलेंडर, हर व्यक्ति को 7 किलो राशनः** महिला को ₹2500 की सम्मान राशि, धान की टरढ 3200 की जाएगी, अन्य कृषि उत्पादों की टरढ 50% तक बढ़ोतरी। मैं क्षेत्र भ्रमण के दौरान देख पा रही हूं की महिलाएं जुड़ रही हैं युवा जुड़ रहे है जनता का समर्थन मिल रहा है। इस अपार स्नेह , समर्थन , विश्वास के लिए ग्राम वासियों की मैं हृदय से आभारी हूँ , आपके इस उत्साह के लिए मैं आप का शुक्रगुजार हूं ।पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी के रूप मे मुझे अधिक से अधिक संख्या में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाकर गठबंधन के हाथ को मजबूत करना है ताकि फिर से गठबंधन सरकार झारखंड में बन सके।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मो गुलाम रब्बानी, मो नसीरुद्दीन, कमल आर्य, मो सैफ , इफ्तेखार आलम, शाहनवाज़ नासिर, नाबिद अंजुम,मनोज घोष,नेहाल अख्तर,अंजुम परवेज, संतोष झा,मो राजू,मो अहमद,थॉमस रोबर्ट, शरिक रब्बानी, अजीत कुमार राय, अकरम राजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हजारों हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## शिविर में 20 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। ताजपुर हाई स्कूल के सामने निगराँ (ब्लड डोनेशन टीम) की ओर से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक लोगों ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना था।

शिविर का उदघाटन समस्तीपुर विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने किया। उनके साथ राजद जिला उपाध्यक्ष अरमान सदरी, युवा राजद के नेता नुरुज्जोहा आफो, इरशाद सदरी इत्यादि मौजूद थे। निगराँ (ब्लड डोनेशन टीम) के कप्तान एबाद सदरी, डायरेक्टर हम्माद सदरी और निगराँ (ब्लड डोनेशन टीम) के अध्यक्ष सह निगराँ के वाईस चेयरमैन हारिस सदरी के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में रक्तदान करने वालों में सोहेब सदरी, अबु ओमारा नदीम, शाहिद, एखलाक अहमद, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद फजल, श्याम कुमार, मोहम्मद इरफान, रोहित कुमार, फैज आलम एवं अन्य समाजसेवियों ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर समस्तीपुर विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और ऐसे शिविरों से जरूरतमंदों को जीवन का उपहार मिलता है।

इसके साथ ही समाज में एकजुटता और आपसी सहायता का संदेश भी फैलता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती बल्कि नई ऊर्जा उत्पन्न होती है। मैं निगराँ टीम की इस कोशिश की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी करते रहेंगे।

## पंचायतों में खेल मैदान के लिए भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश

लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी पंचायत में खेल मैदान निर्माण के निमित्त की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की गई। विदित हो कि विभागीय निर्देश के आलोक में सभी पंचायत में खेल के मैदान का निर्माण किया जाना है, कुल 343 पंचायत के विरुद्ध अभी तक 153 पंचायत में स्थल चिन्हित कर लिए गए हैं।

जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा कड़ी चेतावनी देते हुए सभी मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कल शनिवार तक अनिवार्य रूप से पंचायत के अंतर्गत सभी स्कूलों का भ्रमण कर विभाग द्वारा मांगी गई मानक के अनूरूप भूमि को चिन्हित करते हुए अनिवार्य रूप से प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे ,साथ ही जितनी भूमि चिन्हित हो गई हैं उनका तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। कुल 27 पंचायत सरकार भवन हेतु भूमि की और आवश्यकता है जिसको जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा एक सप्ताह के भीतर सभी अंचल अधिकारियों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी समस्तीपुर के कार्यालय प्रकोष्ठ में अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त समस्तीपुर संदीप शेखर प्रियदर्शी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, रजनीश कुमार राय मौजूद थे। जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अपने-अपने प्रखंड एवं अंचलो से जुड़े हुए थे।

## सांसद उपेन्द्र कुशवाहा मोरवा उजियारपुर विधानसभा में विशाल सदस्यता अभियान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे सम्बोधित

लोकतंत्र की आवाज



मोरवा/समस्तीपुर। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद उपेन्द्र कुशवाहा आगामी 18 नवंबर 2024 को समस्तीपुर जिला में बिहार यात्रा के चौथे चरण में मोरवा एवं उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र में विशाल सदस्यता अभियान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन व बिहार यात्रा की तैयारी को लेकर मोरवा विधानसभा क्षेत्र में रालोमो के जिलाध्यक्ष एवं जिला बीस सूत्री सदस्य विनोद चौधरी निषाद के नेतृत्व में मोरवा के मोरवा उतरी व दक्षिणी पंचायत, सोंगर, सारंगपुर पूर्वी व पश्चमी, निकसपुर, चकपहार, हरपुर भिंडी सहित दर्जनों पंचायतों में तैयारी समिति की बैठक आयोजित की गई है।

क्रमसः बैठक की अध्यक्षता शिवचंद्र सादा व महावीर राम, संतु साह एवं संजय कुमार राम ने की। तैयारी बैठक को सम्बोधित करते हुए समस्तीपुर जिला के विशेष प्रभारी एवं पार्टी के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया की आगामी 18 नवंबर को खुदनेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में रालोमो सुप्रीमों उपेन्द्र कुशवाहा की ऐतिहासिक जनसभा होने बाली है। इसमे आप लोगो को शामिल होने के लिए आमंत्रित करने आया हूँ। जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद ने कहा की आप लोगो के सहयोग से इस मोरवा विधानसभा मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमों उपेन्द्र कुशवाहा का ऐतिहासिक जनसभा होगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों मे गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री निषाद ने कहा की मोरवा विधानसभा के लगभग सभी क्षेत्र से लोग सदस्यता महापर्व मे भाग लेंगे।बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि मोरवा विधानसभा के जनता से स्नेह और सम्मान से आहलादित हूँ। मौके पर मोरवा प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाहा, श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मंजय सहनी, अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव अकलू राम ,जिला महासचिव बशिष्ठ पासवान, संजय चौधरी निषाद, डॉ दिलीप कुमार चौधरी जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, संजय कुमार राम, सुरेश कुमार राम, विश्वनाथ राम, रामबरण राम सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## दावां के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने भरा पर्चा

लोकतंत्र की आवाज



जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर प्रखंड सूचना प्रोद्योगिक भवन में गुरुवार की शाम समाप्त हो गया। इस दौरान प्रखंड के अलग-अलग पंचायत से आए उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा भरा। पैक्स चुनाव नामांकन के तीसरे दिन प्रत्याशियों के साथ उनके प्रस्तावक गवाह और समर्थकों की भीड़ जुटी रही। वही दावा के पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने भी अपना नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किया। बता दें कि दावा पैक्स के वर्तमान अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने विगत दो टर्म से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होते आ रहे हैं। तीसरी बार भी अपना नामांकन गुरुवार को दाखिल करवाई, जिसमें सदस्यों और ग्रामीण जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला।

अपना नामांकन को लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ अपने पंचायत से ही ढ़ोल नगाड़े एवं बाजे के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। उसके बाद नामांकन कर वापस बाहर आने पर पहले से अपने नेता का इंतजार कर रहे समर्थकों द्वारा फूल माला पहनाकर एवं अबीर गुलाल उड़ा कर भव्य स्वागत किया गया। वहीं समर्थकों का अपने नेता के समर्थन में जयकारे से उनका जोश सातवें आसमान पर था। नामांकन के उपरांत अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह ने बताया कि विगत एक बार से जनता का आशीर्वाद प्राप्त होते आ रहा है। इस बार भी आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जनता मुझ पर भरोसा करेंगी और अपना आशीर्वाद जरूर देगी। उन्होंने कहा कि हमने जो किसानो के साथ वादा किया था, मैने पूरा किया। उन्होंने कहा कि हमने जितना अपने पंचायत में किसानों को सेवा किए हैं। इस बार जीता हूं तो इससे भी बेहतर अपने पंचायत के किसानों के लिए बेहतर कार्य करूंगा।

## जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार लाल के नेतृत्व में की गई बैठक , उपस्थित हुए जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शनिवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में जनता दलयू की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमें आगामी एक दिसंबर को नवगछिया में होने वाले जनता दल यू जिला सम्मेलन शामिल होने के लिए जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती द्वारा पार्टी के प्रखंड,पंचायत से लेकर बूथस्तरीय सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से नवगछिया पहुंचने की अपील की गई।बताया गया कि जदयू जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष जदयू उमेश सिंह कुशवाहा,मंत्री लेसी सिंह,मंत्री रत्नेश सदा, उपनेता बिहार विधान परिषद ललन सरार्फ,सांसद रामप्रीत मंडल व अजय कुमार मंडल,विधायक गोपाल मंडल व विजय सिंह निषाद,एमएलसी विजय सिंह,सलीम परवेज पूर्व एमएलसी,डा.रंजू गीता पूर्व मंत्री सह प्रभारी प्रदेश महिला प्रकोष्ठ,मुनेश्वर चौधरी पूर्व मंत्री पहुंच रहे हैं।

वहीं इधर बैठक में प्रखंड के बिहपुर मध्य पंचायत अध्यक्ष गणेश साह को प्रखंड कमेटी लेते हुए इनोद पासवान को पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया।जिलाध्यक्ष श्री भारती समेत जिला प्रवक्ता मिलन सागर,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा.दीपक साह,जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ दास,सचिव राजनीति तांती,रामानंद पोद्दार,दिनेश्वर दास व जेपी सिंह आदि ने कहा 2025 में 225 तय नीतीश हम लोगों का लक्ष्य है हम लोग मिलकर पूरा करेंगे।जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा नवगछिया में जिला जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को हम सभी मिलकर ऐतिहासिक बनाएंगे।बैठक में मुकेश मंडल,कैलाश साह,विष्णु कुमार,लखन दास व सुबाष रविदास आदि पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने एक दिसंबर को नवगछिया में पार्टी के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने की बात कही।

## सनोखर में सात दिवसीय कार्तिक मेला प्रारंभ

लोकतन्त्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती/कहलगांव। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव सेनापति भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा स्थापना के साथ ही सनोखर में सात दिवसीय ऐतिहासिक व प्राचीन कार्तिक मेला प्रारंभ हो गया। शनिवार को मंदिर के पट खुलते ही दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े । यजमान अंकित टेकरीवाल ने बताया कि हर वर्ष क्षेत्र के विभिन्न गांवों के श्रद्धालुओं को बेसब्री से कार्तिक मेला का इंतजार रहता है । वहीं मेला शांति समिति के अध्यक्ष नितिन भगत ने बताया कि प्रत्येक दिन शाम में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है ।

तत्पश्चात 18 नवंबर को ग्रामीण बच्चों का नृत्य प्रतियोगिता एवं 19 नवंबर को डांस इंडिया डांस सीजन - 3 का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त झारखंड, यूपी एवं पश्चिम बंगाल के प्रतिभागी अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं । सभी नृत्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को आकर्षक शील्ड और इनामी राशि समिति द्वारा प्रदान की जाती है । मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, टावर झूला, ड्रैगन, मिकी माउस, तारामाची उपलब्ध हैं । ग्रामीणों ने बताया कि इस मेले के अवसर पर सनोखर गांव के साथ-साथ नारायणवाटी ,अगैया, तुलसीपुर, भिरौंधा, तेलौंधा, रंजीतगढ़, महेशखोर, धनौरा, गंगारामपुर, पनखोरिया, भखरी आदि गाँवों में भी लगभग सभी घरों में सगे -संबंधी एवं सवासिन आकर मेले का आनंद लेते हैं । आयोजन को सफल बनाने में मेला समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिलता है ।

## विश्व शौचालय दिवस के मौके पर छात्रों द्वारा प्रतियोगिता आयोजित

लोकतंत्र की आवाज




मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को बी आर सी बिहपुर में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति भागलपुर की ओर से आयोजित प्रखंड के चौदह उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के वर्ग नौ से बारह के छात्र छात्राओं की चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय कचरा प्रबंधन,स्वच्छ गंगा,शौचालय का महत्व एवं स्मार्ट सिटी एवं पर्यावरणीय संतुलन विषय तय किया गया है.कार्यक्रम का आगाज प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिहपुर मो शमी अहमद के प्रेरणादाई वक्तव्य से हुआ.

प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु क्रमशः स्पीच के लिए मो मसलेहुद्दीन और रेणु कुमारी,कविवाचक के लिए सुमोना रिंकू घोष और राघवेंद्र सिंह,वीडियो एवं रील के लिए त्रिपुरारी चौधरी एवं मुरारी कुमार तथा पोस्टर मेकिंग के लिए स्वेता कुमारी और कुमारी बिंदु ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई.स्पीच में अंजली कुमारी कन्या उच्च वि सोनवर्षा प्रथम, ऋतिक कुमार उच्च मा वि लत्तीपुर गौरीपुर द्वितीय एवं शिक्षा कुमारी उच्च मा वि महेशपुर हरिओ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कविवाचक में उम्मति खातून उच्च मा वि बिहपुर पूरब प्रथम, छोटी प्रिया कन्या उच्च वि सोनवर्षा द्वितीय एवं मिशु कुमारी मधुसूदन उच्च वि बिहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया,वीडियो एवं रील में रौनक खातून उच्च मा वि बिहपुर पूरब प्रथम ,सुहावन कुमार उच्च मा वि महेशपुर हरिओ द्वितीय एवं पीयूष कुमार मधुसूदन सर्वोदय उच्च मा वि बिहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ,पोस्टर मेकिंग में तान्या कुमारी कन्या उच्च मा वि सोनवर्षा प्रथम, आयुषी कुमारी उच्च मा वि गौरीपुर लत्तीपुर द्वितीय एवं प्रीति मधुसूदन सर्वोदय उच्च मा वि बिहपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.मौके पर प्रशिक्षु बी डी ओ तन्नू कुमारी सहित उपस्थित लेखापाल अकलेश कुमार,अनिल कुमार दीपक,चंद्रभूषण, बीपीएम रितेश कुमार ,जितेंद्र कुमार चिंटू और राजीव नयन द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नहर में मछली मारने के लिए जाहर डालने को लेकर पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव दिया आवेदन



बगहा। पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव ने पुलिस अधीक्षक बगहा एसडीएम बगहा आदि को आवेदन देते हुए नहर हुआ जलाशय में कतिपय लोगों द्वारा मछली मारने के लिए जहर डालने का आरोप लगाया है। ऐसे लोगों पर जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में श्री यादव ने तिरहुत नहर, त्रिवेणी नहर, दो नहर के साथी अन्य विभिन्न जलाशय में मछली मारने के लिए कतिपाल लोगों द्वारा जहां डाला गया है। जहर डालने से जलाशय पानी दूषित हो चुका है। भारी संख्या में मछलियां और जीव प्राणी मर रहे हैं। पशु पक्षियों पर भी असर पड़ रहा है। नर और जलाशय से पानी पीने वाले पशु के बीमार होने की संभावना बढ़ गई है।जहर का दुर्गंध पूरे वातावरण को दूषित और जहरीला बना दिया है। यह मानव जीवन सहित पर्यावरण के लिए घर खतरनाक साबित हो रहा है। मामले की जांच करते हुए ऐसे कृत करने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। बता दे की पशुपालक भी जहर को लेकर परेशान है। पिपरासी क्षेत्र संख्या 8 जिला परिषद धनेश्वर यादव धावक काफी दिनों से कड़ी मेहनत और लगन के साथ जनता के बीच सभी पंचायत में भ्रमण करते हुए नजर आ रहे हैं और जनता के बीच एक अपना अलग पहचान बनाते हुए जनता के सुख–दुख में तात्पर्य एव जागरूक्त रहते है यह अपने कड़ी मेहनत और लगन के साथ जनता के दिल पर राज करते हैं

### विद्यापति राजकीय महोत्सव में फूहड़ गीत व डांस का प्रदर्शन विद्यापति का अपमान, जांच कर हो कारवाई– बंदना सिंह



समस्तीपुर। विद्यापति राजकीय महोत्सव में सरकाई लो खटिया जाड़ा लगे₹, गजब सीटी मारे सैंया पिछवाड़े₹ आदि फूहर गाना एवं डांस के प्रदर्शन विद्यापति का अपमान के साथ जिले का शर्मिंदा करने वाली घटना है। इसकी जांच कर दोषियों पर कारवाई की जाये। उक्त बातें महिला संगठन ऐपवा के जिला अध्यक्ष बंदना ने कहा। उन्होंने विद्यापति राजकीय महोत्सव के दौरान उक्त फूहड़ गीत एवं डांस का वायरल विडियो का हवाला देते हुए कहा कि विद्यापति की रचना में सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज का वर्णन हैं। वे महिला के प्रति सम्मान आदर और सम्मान व्यक्त करते थे। बाबजूद विद्यापति राजकीय महोत्सव में जनता के बीच फूहड़ गीत परोसा गया। यह विद्यापति की धड़ती शर्मशार हुआ है। महिला नेत्री ने उक्त वायरल विडियो की जांच कर दोषियों पर कारवाई करने की मांग की है।

### वारिसनगर/समस्तीपुर :जनता दरबार का आयोजन

दिलीपकुमार ठाकुर। वारिसनगर/समस्तीपुर। थाना परिसर मे भूमि संबंधी मामलो के समाधान वास्ते थाना के पुलिस पदाधिकारी रविकांत रवि की उपस्थिति एवं अंचल अधिकारी धर्मेंद्र पंडित की अध्यक्षता मे जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमे लंबित एवं नया कुल पांच मामलो मे से एक मामला का ऑन स्पॉट निष्पादन करते हुए शेष चार पर नोटिस निर्गत किया गया। इस अवसर पर थानाक्षेत्र से आये फरियादि अंचल कर्मी मंटुन कुमार अमीन चंदेश्वर सिंह उपस्थित रहे है।

# बगहा :उर्दू मोवमेंट कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, मातृ भाषा के बढ़ावा को ले बगहा के रायबारी महुआ के लोगों ने लिया संकल्प

**हमारी तहज़ीब है, इंकलाब की ज़बान है, दिलों को जोड़ती और अनुशासन सिखाती है।**




लोकतंत्र की आवाज

**बगहा** प्रखंड बगहा एक के मुस्लिम बहुल गांव रायबारी महुआ में माइनॉरिटीज़ वेल्फेयर एण्ड उर्दू मोवमेंट द्वारा एक संकल्प सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में देश के नामचिन शायर डॉ शकील मोईन, मुख्य अतिथि में वरिष्ठ पत्रकार अहमद जावेद, कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबारी महुआ के मुखिया मोहम्मद आजाद ने किया , कार्यक्रम का संचालन मौलाना ज़हूरुल हसन ने की। उर्दू के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रमीणों, युवाओं, स्थानीय बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पत्रकार अहमद जावेद ने कहा कि देश में अल्पसंख्यक समाज को आज जिन गंभीर समस्याओं का सामना है, उन को परास्त करने के तीन हथियार हैं, शिक्षा, संगठन और संघर्ष और मातृभाषा इन तीनों की जान है। उन्होंने कहा कि उर्दू हमारी मां है, हमारी तहज़ीब है, इंकलाब की ज़बान है, दिलों को जोड़ती और अनुशासन सिखाती है। दूसरी ओर उर्दू मोवमेंट के अध्यक्ष डॉ शकील मोईन ने उर्दू मोवमेंट के लक्ष्य और गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में संगठन ने राज्य के मुजफ्फरपुर, गया, सीवान और दरभंगा में चार सभाएं और बहुत से दूसरे जनजागरण कार्यक्रम किए गए। आज हमने रायबारी महुआ की इस संकल्प सभा से अभियान का दूसरा चरण शुरू कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबारी महुआ के मुखिया मुहम्मद आज़ाद ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अच्छी शिक्षा और मातृभाषा को बढावा देने का संकल्प लिया। मुखिया ने ग्राम पंचायत की ओर से गांव में उर्दू पुस्तकालय एवं रीडिंग रूम बनाने की घोषणा की। मौलाना ज़हूरुल हसन कर रहे थे। भूतपूर्व मुखिया शमशाद आलम और पंचायत के अन्य गणमान्य लोगों ने भी इस संकल्प सभा में अपने विचार व्यक्त किया।

## टैलेंट सर्च पब्लिक स्कूल सोसायटी कोटालपोखर के द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा** 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर टैलेंट सर्च पब्लिक स्कूल सोसायटी, कोटालपोखर ने विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने पहले करें मतदान, फिर करें जलपान आपका वोट, लोकतंत्र की ताकत और एक–एक वोट से बनता है देश का भविष्य जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। डोर–टू–डोर जागरूकता अभियान सोसायटी के सदस्यों ने घर–घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की और उन्हें यह समझाया कि प्रत्येक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। मतदाताओं से की अपील कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने परिवार व आस–पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने भी हिस्सा लिया और युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश अभियान के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। सोसायटी के प्रबंधक ने कहा कि, *₹लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति का वोट बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी मतदाता अपने कर्तव्यों को समझें और जिम्मेदारी से मतदान करें

## खानपुर ब्लॉक पैक्स निर्वाचन नामांकन प्रथम दिन सात अध्यक्ष चौदह सदस्य पद वास्ते भरा पर्चा



लोकतंत्र की आबाज

**दिलीपकुमार ठाकुर।** खानपुर /समस्तीपुर ' प्रखंड मे पैक्स निर्वाचन 2024 वास्ते प्रथम दिन सात अध्यक्ष एवं चौदह प्रवंध कार्य कारणी सदस्य पद वास्ते अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया ' जिसमे अध्यक्ष पद वछौली से जय कृष्ण दत्त, राम कल्याण महतो, भोरेजयराम मोहम्मद इलियास हुसैन, पुरुषोत्तमपुर अन्नू यशवंत कुमार चौधरी, शादीपुर से सुजीत कुमार, हसनपुर से कमलेश प्रसाद यादव, जहांगीरपुर से चंद्र भूषण कुमार ने आज अपना अपना नामांकन पत्र भरा।

## भावी विधायक बगहा प्रत्याशी तुषार सिंह ने क्षेत्र में जाना जनता का हाल 12किलोमीटर पैदल यात्रा कर घर घर पहुंच लोगों की समस्या से हुए रूबरू

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** शुक्रवार देर शाम तक बगहा विधान सभा क्षेत्र के चीउटहां मंडल के बैरागी सोनबरसा पंचायत के सभी वाडी के लोगों के घरों के दरवाजे पर पहुंच कर बगहा विधान सभा के भावी विधायक प्रत्याशी श्वेतमणि कुमार सिंह उर्फ तुषार सिंह ने लोगों का जाना हाल चाल। इस दौरान भाजपा के युवाओं के दिल के धड़कन जुझारू नेता श्वेतमणि कुमार सिंह उर्फ तुषार सिंह ने कहा कि बगहा विधान सभा क्षेत्र के बैरागी सोनबरसा पंचायत में आज लोगों का बहुत प्यार तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। बगहा विधान सभा में युवाओं एवं महिलाओं तथा मजदूरों का एक मात्र विकल्प के रूप में युवा पीढ़ी के नेता तुषार सिंह के साथ साथ लोकल फॉर वोकल की विधायक के टिकट पर बीजेपी को प्राथमिकता देनी होगी। देश में बीजेपी सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास के साथ बिना जात पात के सभी लोगों को एक साथ जोड़कर रखने वाली एक मात्र भारतीय जनता पार्टी है। बगहा विधान सभा के हर क्षेत्रों में जाने का मौका मिला है। सभी जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।इसी कड़ी में कुछ लोगों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि बगहा विधान सभा में हर बार बोरो प्लेयर के रूप में विधान सभा क्षेत्र के बाहरी क्षेत्रों से बुला कर बीजेपी विधायक बनाती रही है। इस बार बगहा के सम्मानित जनता, पार्टी की विश्वनीयता पर मुहर लगाएगी। लेकिन अबकी बार बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के बिहार प्रदेश के वरीय नेता लोकल फॉर वोकल पर ध्यान केंद्रित कर चुनाव में टिकट का बंटवारा करे। आखिर क्या कारण है कि बगहा विधान सभा क्षेत्र के लोगों को बीजेपी चुनाव के लिए टिकट क्यों नहीं देती। इस प्रकरण को लेकर पूरे बगहा विधान सभा क्षेत्र में लोकल फॉर वोकल पर पूरी तरह से चर्चा का विषय बन चुका है। इस दौरान बगहा विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने तुषार सिंह गले लगाकर अपनी सहभागिता जाहिर किया है।

## 25 वर्षों से नहर में नहीं आ सका पानी मामला जगदिशपुर से गहरी कोठी होते हुए त्रिभुवान धाट तक जाने वाली नहर का।

लोकतंत्र की आवाज



**क्षितिज राज**

**बेतिया** नौतन प्रखंड क्षेत्र के जगदीशपुर से, प्रताप ओला होते हुए गहरी कोठी के वार्ड नंबर 10 से गुजरकर त्रिभुवान धाट तक जाने वाली जल संसाधन विभाग तिरहुत नहर अवर प्रमंडल 2 के अंतर्गत आने वाली नहर में 25 सालों से अभी तक किसानों के फसलों के सिंचाई के लिए दी जाने वाली पानी नहीं पहुंच पाई है जिस कारण उक्त क्षेत्र के किसान खेतों में लगें फसल की सिंचाई के लिए निजी पंपी सेट का उपयोग करते हैं वहीं इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण अनुरोध पटेल सत्येंद्र पटेल बीरबल दास विधायक प्रत्याशी सह समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, काशी नाथ प्रसाद, कुन्दन पाठक, उपेन्द्र पासवान, दिनेश प्रसाद, उद्धव सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजय सिंह, महेंद्र यादव आदि समेत दर्जनों ग्रामीण कहना था कि जब नहर 1977 में बना था तो कुछ समय तक पानी आया लेकिन बिगत 25 सालों से अभी तक इस नहर में पानी नहीं आ सका है वही दूसरी तरफ पानी नहीं आने के कारण मजबूरन खेती के सिंचाई के लिए निजी पंप सेट का उपयोग करना पड़ता है हांलांकि सूत्रों की माने तो इस समस्या को लेकर स्थानीय विधायक नारायण शाह द्वारा विधानसभा में आवाज भी उठाया गया था तो एक ओर तिरहुत नहर अवर प्रमंडल 2 के पदाधिकार संदीप कुमार पुछने पर बताया कि उचित जल सराव प्राप्त नहीं होने के कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा है इसे दुरुस्त करने के लिए विभाग के पास प्रस्ताव भेजा गया है प्रस्ताव कि स्वीकृति मिलते हैं इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा

## सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज** विधानसभा 2024 के परिपेक्ष्य 02– बोरियो विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गौतम कुमार सिंह ने चुनाव संबंधित दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण केंद्रो का जायजा लिया।विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा स्थानीय सिद्धों कान्हू सभागार, पंचायतीराज परिसर में 133 सेक्टर पदाधिकारी एवं 133 पुलिस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त कार्य शैली एवं दायित्वों से अवगत कराया गया।प्रशिक्षण कोषांग के वरीय प्रशिक्षक ने सेक्टर पदाधिकारियों को कार्य एवं जिम्मेवारियों से अवगत कराते हुए कहा कि आपके अधीन कई मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी हो सकती है। सुरक्षित ईवीएम मशीन की सुरक्षा के लिए आपके साथ पुलिस बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि निगरानी रखना होगा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग का कार्य समान्य अवस्था में हो रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि डिस्पैच सेंटर से लेकर मतदान समाप्ति के बाद मतदान संबंधित सभी सामग्रियों को कलेक्शन सेंटर में जमा कराने का उत्तरदायित्व सेक्टर दंडाधिकारियों का होती है। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी– सह– नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग झुनू कुमार मिश्रा, प्रशिक्षक के रूप में सुभाशिष, प्रभात कुमार सिंह, अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## समस्तीपुर समाहरणालय पर 26 नवंबर को दिल्ली किसान आंदोलन के चौथी बरसी पर चेतावनी रैली का होगा आजोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**ताजपुर/समस्तीपुर।** अखिल भारतीय किसान महासभा प्रखंड कमिटी की बैठक शनिवार को ताजपुर के मोतीपुर वार्ड 27 में प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई।बैठक में किसानों को निः शुल्क बिजली–पानी देने, डीएपी, पोटाश, यूरिया आदि खाद की किल्लत दूर करने, नकली खाद–बीज एवं कीटनाशक की बिक्री पर रोक लगाने, कृषि लोन माफ करने, किसानों को निः शुल्क खाद–बीज– कृषि यंत्र देने, बंद पड़े बाजार समिति को चालू करने, मोतीपुर सब्जी मंडी में सब्जी रखने का कोल्ड स्टोरेज खोलने आदि मुद्दे पर किसानों ने अपने–अपने विचार व्यक्त कर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया एवं आंदोलन के प्रथम चरण में दिल्ली किसान आंदोलन के चौथी बरसी पर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले 26 नवंबर को समस्तीपुर समाहरणालय पर चेतावनी रैली निकालकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसमें ताजपुर से बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी दिलाने का निर्णय भी लिया गया। मौके पर ललन दास, रवींद्र प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह, संजीव राय, मुकेश कुमार, कैलाश सिंह, शंकर सिंह आदि किसान उपस्थित थे।

## वाल्मीकिनगर:136वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज बगहा



बगहा/वाल्मीकिनगर। संगम तट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन कथा पूजा अर्चना में भाग लेना परम सौभाग्य की बात हैं। लोकल सत्ता भारत– नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर 136वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थरुहट की ऊंची शिक्षा ग्रहण करने वाली पहली महिला आशा देवी, विशिष्ट अतिथि निर्माता– एचेल थारू, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद, एडिटर एवं महिला समाजसेवी स्वरांजलि सैगम, आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी, नेपाल से आए नारायण पंडित, हिरिमती देवी एवं संध्या देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि शिक्षिका आशा देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुझे कई बार आने का मौका मिला है, कार्तिक पूर्णिमा कई कारणों से महत्वपूर्ण है ।आज के दिन ही गुरु नानक देव का जन्म हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी कहते हैं। बेंगलुरु से आई एडिटर एवं महिला समाजसेवी स्वरांजलि ने कहा कि संगम तट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन कथा पूजा अर्चना में भाग लेना परम सौभाग्य की बात है। स्वरांजलि सेवा संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार का जन्म हुआ था। आज के दिन हम सभी पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का संकल्प लेते हैं। विशिष्ट अतिथि निर्माता– एचेल थारू ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुझे पौधे एवं अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित भी किया गया है। जब तक मेरी जिंदगी है मैं तब तक इस महा आरती से जुड़ा रहना चाहता हूं। विजय कुमार ने कहा कि इस आयोजन द्वारा पौधारोपण का संदेश भी दिया जाता है। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि संस्था द्वारा विगत 13 वर्षों से लावारिस दिव्यांग जनों को हर दिन भोजन दिया जाता है। जो सबसे बड़ी सेवा है। इंसानियत और मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है । नेपाल से आए कर्मकांड के विशेषज्ञ नारायण पंडित ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था। गायिका चांदनी कुमारी एवं गायक संगीत आनंद ने कई भजनों को प्रस्तुत किया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा अंग वस्त्रम द्वारा अतिथिगण सम्मानित किए गए। महाप्रसाद की व्यवस्था स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, पवन भट्टराई एवं शगुन श्रृंगार स्टोर के माध्यम से की गई । संचालन एचेल थारू ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संगीत आनंद ने किया। इस कार्यक्रम में बाल कलाकार सुधि स्वरा सिंह, विजेता आनंद, रेखा देवी, संध्या देवी, मनोरमा देवी, देवकी देवी, विजय कुमार, एवं तूफानी ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही । आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की । कार्यक्रम के अंत में अंजू देवी ने बताया कि आज के दिन ही 6 नवंबर 2014 को इस महाआरती की शुरुआत हुई थी। संस्था को विशेष रूप से निरंतर सहयोग प्रदान करते रहने के लिए नेपाल के प्रवासी अमेरिका वासी श्री कृष्णा पांडे, धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, वर्ल्ड मीडिया विजन के सीईओ राजेश गुप्ता, फौजी विद्यासागर राणा, पीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, एवं नवरत्न प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सड़क पार कर रहे युवक को बाइक सवार ने मारी ठोकर,अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई मौत।

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थानाक्षेत्र के प्राणचक मोड़ के समीप शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार सहित एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगो के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर कर दिया गया जहाँ रास्ते मे उक्त युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान रजौली थानाक्षेत्र के प्राणचक गांव निवासी राजकुमार प्रसाद पुत्र संतोष कुमार के रूप में की गई है।वही बाइक सवार युवकों की पहचान नवादा जिले के कादिरगंज निवास शशि कुमार और ललन कुमार के रूप में की गई है।बताया जाता है कि बाइक सवार दोनों युवक राँची से अपने घर कादिरगंज जा रहा था।और जैसे ही प्राणचक मोड़ पहुँचे वैसे ही सड़क पार कर रहे प्राणचक गांव निवासी संतोष कुमार को जोरदार धक्के मार दिया और खुद अनियंत्रित होकर वही गिर गया।वहीं घटना की सूचना पर अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचे रजौली थाने की पुलिस ने आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है।

### सिरदला व परना डाबर थाना परिसर के आयोजित जनता दरबार में तीन मामला का किया गया निपटारा

सिरदला प्रखंड के सिरदला व परना डाबर थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित मामलों को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का आयोजन सिरदला थाना में प्रभारी अंचलाधिकारी अभिनव राज व थानाध्यक्ष संजीत राम की अध्यक्षता में की गई। तथा परना डाबर थाना परिसर में अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष रंजन चौधरी की अध्यक्षता में की गई। कार्यालय के नवीन कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरदला थाना में 3 आवेदन प्राप्त हुआ,जिसमें दो मामला निपटारा दोनों पक्ष के कागजात का अवलोकन कर ऑन द सपोर्ट निष्पादन कर दिया गया है। तथा परना डाबर थाना परिसर में एक मामला का निष्पादन किया गया है।मौके पर अंचल निरीक्षक ओमप्रकाश, अंचल कार्यालय के कर्मचारी व अपर थानाध्यक्ष अंजलि कुमारी,एस आई संजय कुमार समेत, लिपिक नवीन कुमार,एवं दर्जनों फरियादी उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला थाना क्षेत्र क्षेत्र के उपरडीह पंचायत की भटबीघा गांव मिस्त्री टोला में बुधन मिस्त्री के बाईस वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना शनिवार की सुबह की बताई गई है। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर? अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि मृतक की शादी इसी वर्ष अप्रैल महीना में गोविंदपुर प्रखंड क्षेत्र के एकतारा गांव में हुआ था। मृतक दो भाई एक बहन है। बहन की शादी हो चुकी है। बड़ा भाई भोला मिस्त्री पूरे परिवार के साथ प्रदेश के बाहर रहता है। घर पर माता–पिता, मृतक व उनकी पत्नी रहती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने घटना कि पुष्टि करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### प्रखंड स्तरीय प्रतिक्षण आयोजित।

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती।पीरपैंती–ः प्रखण्ड कार्यालय में शनिवार को रवि महाअभियान 2024 सह प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी नीतीश कुमार भारती, कृषि वैज्ञानिक डॉ०महेश कुमार सिंह, डॉ०नीतू कुमारी, मुखिया पवन यादव, अंबिका प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सबौर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक व बीडीओ अभिमन्यु कुमार सहित क्षेत्र के किसान व गणमान्य लोगों के द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। वहीं कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को कम खर्च में बेहतर खेती करने सहित रवि फसल उत्पादन में आनेवाली समस्याओं का वैज्ञानिक विधी के द्वारा समाधान की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ हीं जैविक खेती व मौसम अनुकूल खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जबकि कार्यक्रम का सफल मंच संचालन प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक परमेश्वर कुमार सिंह ने किया। मौके पर किसान सलाहकार प्रेम कुमार, कॉर्डिनेटर राहुल प्रियरंजन, लेखापाल गौरव कुमार,किसान विक्की कुमार, महाकांत झा, कन्हैया कुमार, सुरेश यादव,पंकज कुमार,सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

# लोकतंत्र का प्रहरी है मिडिया : डीएम रवि प्रकाश राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर मगध की आवाज और लोकतंत्र की आवाज के संवाददाता को डीएम ने किया सम्मानित

**आर्यन मोहन ने कहा कि भारत का लोकतंत्र चौथे स्तंभ के बिना अधूरा है।**



लोकतंत्र की आवाज

आर्यन मोहन
**नवादा।** जिले में शनिवार को जनसंपर्क विभाग नवादा के तत्वाधान में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में पत्रकारिता का बदलता स्वरूप विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, एडीएम चंद्रशेखर आजाद सहित मीडिया के कर्मियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान मीडियाकर्मियों ने पत्रकारिता के शैशव काल से मौजूदा समय की पत्रकारिता की दिशा और दशा पर प्रकाश डाला। मगध के आवाज और लोकतंत्र की आवाज के संवाददाता आर्यन मोहन को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने इस अवसर पर सम्मानित किया। संवाददाता आर्यन मोहन ने कहा कि भारत का लोकतंत्र चौथे स्तंभ के बिना अधूरा है।पत्रकारिता का स्वरूप काफी बदल गया है। प्रिंट मीडिया के साथ–साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया भी जगह बना चुका है।सूचना क्रांति के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर बदलाव हो रहे हैं। मीडिया कर्मी इन बदलावों को अपनाते हुए समाज और देश हित में बेहतर पत्रकारिता कर रहे हैं।इस अवसर पर अपर समाहर्ता नवादा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रभारी जनसंपर्क नवादा सहित जिले के सभी मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

### मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अद्वितीय है।



लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती/कहलगांव।** सनोखर बाजार स्थित कार्तिक मंडप प्रांगण में कार्तिक मेला के शुभ अवसर पर आयोजित भागवत कथा के छट्ठे दिन शनिवार को भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला के पश्चात कंस के द्वारा प्रेषित अक्रूर जी के द्वारा मथुरा आने के लिए आमंत्रण भेजना, भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंस वध ,भगवान का गुरुकुल में जाकर अध्ययन करना और लोगों को शिक्षा देने , सभी मनुष्य के जीवन शिक्षा का स्थान उसका महत्व अद्वितीय है। और भी कई राक्षसों का उद्धार किया गया ।उद्धव जी का वृंदावन आगमन तथा गोपियों से कृष्ण की चर्चा का दिव्य गोपी भाव का श्रवण उद्धव जी के मथुरा वापस जाना ,इस विषय पर प्रकाश डाला गया। कृष्ण जी के द्वारा द्वारिका निर्माण तथा रुकमणी मंगल अर्थात भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश और रुक्मणी विवाह की कथा और उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष नितिन भगत , अंकित टेकरीवाल ,निक्कू महतो, आकाश गुप्ता ,प्रियांशु ,राज ,छोटेलाल ,रोहित, अनु के साथ सभी कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मृत संतोष के परिजन से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि। शोक संतत परिवार से मिलकर दिए सांत्वना, साथ ही अपने स्तर से 25000 की आर्थिक मदद



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** रजौली थानाक्षेत्र के प्राणचक मोड के समीप प्राणचक गांव निवासी संतोष कुमार की मौत के बाद रजौली नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने प्राणचक गांव पहुंचकर शोक संतत परिवार से मिलकर सांत्वना दिया ।और इस दौरान उन्होंने कहा कि दुख के घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।उन्होंने कहा कि इस परिवार को हर संभव मदद दिलाने का प्रयास करूँगा।इस दौरान शोक संतत परिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी ने अपने स्तर से 25000 की आर्थिक सहयोग भी किया। साथी उन्होंने यह भी बताया कि प्राणचक मोड ब्लैक स्पॉट जोन है।यहाँ हर वर्ष लगभग दर्जनों ग्रामीणों की मौत सड़क पार करने के दौरान हो जाती है।ऐसे में स्थानीय प्रशासन से लेकर एनएच्आई के अधिकारियों के साथ मिलकर उनसे आग्रह करेंगे की प्राणचक मोड के समीप स्पीड ब्रेकर दिया जाए ताकि लोग सड़क पार करते समय दुर्घटना से बचे। बताते चले की शुक्रवार की देर शाम को रजौली बाजार से काम कर अपने घर लौट रहे संतोष ने जब सड़क पार कर रहा था।इसी दौरान अनियंत्रित बाइक सवार ने ठोकर मार दिया जिससे अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत रास्ते में हो गई थी।

## नदी में मछली पकड़ रहे युवकों को उत्पाद पुलिस ने शराब कारोबारी बता भेजा जेल,परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल।



लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** इन दिनों उत्पाद विभाग पर माल महाराज के मिर्जा खेले होली वाली कहावत खूब चरितार्थ हो रही है। ऐसा ही एक मामला रजौली थानाक्षेत्र के हरदिया से प्रकाश में आया है जहाँ जाजपुर गाँव के तीन युवक धनारजय नदी में मछली पकड़ रहे थे। जिसे उत्पाद विभाग की टीम ने शराब कारोबारी बताकर जेल भेज दिया है।बताया जाता है कि उत्पाद विभाग को सूचना मिली कि हरदिया सेक्टर डी में महुआ शराब के निर्माण का अवैध कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है।सूचना के सत्यापन के बाद उत्पाद विभाग की टीम ने सहायक अवर निरक्षक अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को हरदिया सेक्टर डी में छापेमारी अभियान चलाया जहाँ शराब की भठ्ठी और जावा महुआ को मौके पर विनष्ट किया गया।उसके बाद छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम धनारजय नदी पहुँची।धनारजय नदी पहुँचने के बाद उत्पाद टीम की नजर मछली पकड़ रहे युवकों पर पड़ा जिसके बाद उक्त युवकों को उत्पाद विभाग की टीम के अधिकारी अपने पास बुलाये और कहा कि तुमलोग मोबाइल चोरी किया है।चलो साहब बुला रहे हैं। जिसके बाद युवकों को शराब के भठ्ठी के पास लेकर गए और शराब के भठ्ठी के पास उक्त युवकों का वीडियो बनाया और शराब कारोबारी बताकर अपने साथ ले गए और शनिवार को जेल भेज दिया।गिरफ्तार युवकों में जाजपुर निवासी स्व दारोगी भोक्ता के 25 वर्षीय पुत्र संतोष भोक्ता,स्व सहदेव भोक्ता के 36 वर्षीय पुत्र सुनील भोक्ता और युगल राजवंशी के 20 वर्षीय पुत्र सतेंद्र कुमार शामिल हैं। उत्पाद विभाग के विरुद्ध माननीय न्यायालय की शरण मे जाने की तैयारी में परिजन ः–– वही गिरफ्तार युवकों के परिजनो ने बताया कि हरदिया सेक्टर डी महुआ शराब की बिक्री और महुआ शराब का निर्माण कौन करता है।ये सभी लोग जानते है।किसी से कुछ छुपा हुआ नही है।वरीय अधिकारी आकर स्थल जाँच करें और अगर गिरफ्तार कर जेल भेजे गए युवकों को कोई बता दे कि ये सभी लोग शराब का कारोबार करते हैं तो फिर जो सजा देना हो वो मंजूर है।लेकिन उत्पाद विभाग के अधिकारी मनमानी तरीके से निर्दोष युवकों को शराब कारोबारी बता कर जेल भेजा है जो हास्यपद है।ऐसे में हम सभी लोग मिलकर उत्पाद विभाग के विरुध्द माननीय न्यायालय के शरण मे जाकर इंसाफ की गुहार लगायेंगे।

## प्रेस दिवस पर सम्मानित किए गए पत्रकार कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा–लोकतंत्र का प्रहरी है मीडिया



लोक तंत्र की आवाज

**नवादा ।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड मनरेगा कार्यालय स्थित कक्ष में प्रखंड प्रशासन की ओर से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कौशलेंद्र कुमार व बीपीआरओ गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। साथ ही इस अवसर पर पीओ मनरेगा ने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का सशक्त प्रहरी है। न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के बाद मीडिया को चौथा स्तंभ के रूप में जाना जाता है। मीडिया लोकतंत्र व लोगों के बीच सेतु का काम करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लेखनी के माध्यम से समाज को न केवल दिशा देते हैं बल्कि समस्याओं व गड़बड़ियों को उजागर भी करते है। बीपीआरओ ने कहा पत्रकार सरकार एवं समाज के बीच संदेश सुनिश्चित करते हैं नागरिकों को समय पर सही सटीक जानकारी देने का काम करते हैं।मीडिया को अपने पत्रों में सही और सच्ची बात लिखनी चाहिए। खबर सकारात्मक और नकारात्मक हो सकती है। लेकिन नजरिया सकरात्मक होना चाहिए। पत्रकारों के लिए सरकार प्रायोजित योजनाओं की जानकारी अधिकारियों ने पत्रकारों के लिए सरकार प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि पत्रकार बीमा योजना, पेंशन योजना बेहतर है। उन्होंने प्रखंड के सभी पत्रकारों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित होने का सुझाव दिया। साथ ही पत्रकारों की चुनौतियों व समस्याओं पर चर्चा भी किया गया। इस दौरान आज के डिजिटल जिंदगी में पत्रकारों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाले फेंक न्यूज से बचें। आज के दौर में सोशल मीडिया पर कई तरह के भ्रामक संदेश भी दिए जा रहे हैं। इससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। मौके पर कई पत्रकार मौजूद थे।

## वारिसलीगंज (नवादा) : सतीश कुशवाहा बने जदयू के राजगीर विधान सभा प्रभारी



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)ः–**नवादा जिले के गोविंदपुर विधानसभा के रोह प्रखंड के मनियोचक ग्राम निवासी जदयू के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश कुशवाहा जो पार्टी में विभिन्न पदों पर रहकर आपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठां एवं ईमानदारी के साथ किया। इसके पूर्व ये झाझा विधान सभा क्षेत्र के प्रभारी भी रह चुके है,साथ हीं साथ जदयू के राज्य सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।प्रदेश में जदयू के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर उन्होंने अपनी कार्यकाल में पार्टी के लिए बहुत बढ़िया काम किया है।अब उन्हें राष्ट्रीय मुख्यालय से उन्हें राजगीर विधान सभा क्षेत्र का जदयू का चुनाव प्रभारी बनाया है। मनोनयन के उपरांत उन्होंने मिडिया से मुख़ातिब होते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,संजय झा सहित अन्य नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की उनके भरोसे पर खरा उतरकर पार्टी हितों की रक्षा एवं राजगीर विधान सभा क्षेत्र की जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी निष्ठां के साथ करूंगा। उनके मनोनयन पर नवादा जिलाध्यक्ष मुकेश विधार्थी,गुड्डू पत्रकार,पूर्व जिलाध्यक्ष ललन कुशवाहा,मनीलाल कुशवाहा,जयशंकर चन्द्रवंशी सहित जिले के दर्जनों नेताओं ने बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

## धनंजय कुमार सुमन के नेतृत्व में कविता– कानन साहित्य कला मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय कायक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर,,,**शनिवार को भागलपुर जिला अंतर्गत बिहपुर प्रखंड के आर्या सेंट्रल सेंट्रल स्कूल के सौजन्य से कविता–कानन साहित्य कला मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय दियरा महोत्सव सह कवि सम्मेलन का आयोजन का शुभारंभ वरिष्ठ कवि सच्चिदानंद पाठक ,डॉ .ममता मनीष सिन्हा एवं रवि रंजन, बिहपुर मध्य के मुखिया मनोज कुमार लाल, राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । मौके पर स्मृति झा की रचना बेज़ुबान की चिंता किसे हुई खलिहान की चिंता किसे हुई ,रंजना लता की गज़ल और उत्तम लयकार की रचना विदेशिया गीत पर दर्शकों ने जम कर तालियाँ बटोरी।वरिष्ठ रचनाकार सच्चिदानंद पाठक की हिन्दी और मैथीली रचनओं ने दर्शकों का मन मोह लिया । दियरा महोत्सव में नटराज डांस एकेडमी के बच्चों के सेमीक्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति भी की गई । संस्था के अध्यक्ष कुमार धनंजय सुमन ने बताया की इस महोत्सव में बिहार के कई जिलों के रचनाकार के अलावे राज्यों के रचनाकार भाग लेने पहूँचे थे । मौके पर सुनीता झा ,अरुण अन्जाना ,मनोज माही, ने भी काव्यपाठ किया । समाजसेवी अवनीश कुमार , समाजसेवी गौतम कुमार प्रीतम ,जिला पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा दियरा महोत्स के स्मारिका का अनावरन किया गया । विद्यालय के प्राचार्य अमन कुमार के द्वारा महोत्सव के आयोजन से सराहनीय योदगान दिया गया ।

## पकरीबरावा: पकरीबरावां में जदयू की बैठक में जिलाध्यक्ष ने गिनाए सरकार के काम



लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा
**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल नंदन पैलेस में शनिवार को जदयू के पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यकारिणी तथा पंचायत अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नवलेश कुमार राकेश एवं मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार मेहता ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी सहित कई वरीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि नवीन बिहार के विश्वकर्मा व पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के लोकप्रिय माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2005 से लगातार बिहार के चौमुखी विकास के लिए काम कर रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर, डॉ. भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आदि के बताए रास्ते पर चलकर बिहार को विकसित बिहार बनाने के लिए सभी क्षेत्रों में विकास किया जा रहा है। बिहार एवं बिहार वासियों के बेहतरी के लिए जो कुछ भी हो सकता था, हमारे नेता ने सूक्ष्म दृष्टि से सारे परेशानीयों को रेखांकित कर बिहार के बेहतरी के लिए, बिहार वासियों के जीवन स्तर सुधारने के लिए किया। हर घर बिजली योजना के माध्यम से 2015 में सभी घरों में बिना भेदभाव किए बिजली पहुंचाने का काम किया गया है। नाली–गली पक्कीकारण योजना के माध्यम से सभी घरों तक पक्की नाली, पक्की गली के साथ ही ग्रामीण संपर्क पथ का निर्माण हुआ है। आज बिहारवासी अपने गांव से ही कहीं भी जाना चाहे, बिना अवरोध के अपने लक्ष्य तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा शिक्षा के क्षेत्र में सभी वर्ग– धर्म के लोगों का ख्याल करते हुए कार्यक्रम बनाकर प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर की पढ़ाई तक योजनाएं बनाई गई है, जिसका लाभ बिहार के छात्र– छात्राओं को मिल रहा है। बुजुर्गों के सम्मान में वृद्ध जन सम्मान योजना लागू कर सभी जाति धर्म के बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। कहा बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सभी वर्ग– धर्म को देखते हुए खासकर अल्पसंख्यकों के विकास के लिए, उनके बच्चों की शिक्षा के लिए मदरसा को उत्क्रमित करते हुए मदरसा का भवन बनाया जा रहा है। सभी शिक्षकों के समान मदरसा के शिक्षकों को वेतन दिया जा रहा है। तालीम मरकज योजना के माध्यम से सभी टोला में शिक्षा दिया जा रहा है। बिहार में कब्रिस्तान घेराबंदी योजना के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है। बैठक में पार्टी के विधानसभा प्रभारी प्रिय रंजन पटेल, पार्टी संस्थापक सदस्य मनोहर पासवान, प्रदेश उपाध्यक्षा डॉ. प्रमिला प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य एवं मुख्यालय प्रभारी जयशंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, जिला उपाध्यक्ष सह जिला 20 सूत्री सदस्य राजीव रंजन, राजेंद्र प्रसाद ज्योति, जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी डॉ. रेयाज खान, युवा जदयू नेता नीरज कुमार राकेश, सुरेश रविदास, महेश सिंह चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी विनोद चौधरी, रवि रंजन, प्रमोद चंद्रवंशी, चिंता देवी, आशो पासवान, आफताब खान, देवकी चौहान, अशोक सिंह शंभू प्रसाद, विकास चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, दीपक पासवान, सुबोध शर्मा, अभय सिंह, पंकज कुमार, करण ठाकुर, रुपेश कुशवाहा, पंकज सिंह, सुधीर सिंह, श्याम सुंदर सिंह, श्री चंद्र रविदास सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कार्तिक पूर्णिमा के तहत निकाली गई चरण पादुका खड़ाऊ यात्रा



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवाददाता। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर चरण पादुका यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवित्र पावन भूमि लक्ष्मीनाथ गोसाईं कुटी साधना स्थल खजुरी से 32 किलोमीटर की चरण पादुका यात्रा उद्भव स्थल बैकुंठ धाम परसरमा परमहंस संत शिरोमणि लक्ष्मीनाथ गोसाई कुटी तक निकाली गई है।सेवक प्रभाकर ने बताया कि समाजिक सद्भाव समसरता शांति सौहार्द पूर्ण वातावरण की कामना के लिए प्रत्येक पूर्णिमा को चरण पादुका खड़ाऊ यात्रा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परमहंस लक्ष्मीनाथ गोसाई परम सिद्ध साधक संत हुए जिन्हें अष्ट सिद्धि का वरदान था। उनकी ख्याति मिथिला नेपाल सहित दूर दूर तक फैली थी। जिन्होने सामाजिक कुरीति को दूर करने के लिए योग व्यायाम भजन- कीर्तन को बढावा दिया।इस भजन संध्या में उग्र नारायण मिश्र ठकन मिश्र उदित मिश्रा शिफैत मिस्त्री शंकर मुखिया शंभू मुखिया बमबम मिश्रा रोहित मिश्र नरेश मिश्र सुदीप मिश्रा हर हर शिवम राजू सदाशिव वैदिक मंत्र और पूजा पंडित संतोष मिश्र के द्वारा संपादन किया गया । भगवान के पूजा में विशेष कर सहयोग किये पवन दीदी, नंदिनी, टुकटुक देवी, ललिता देवी, रोशन देवी रूबी देवी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

### सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जायेगा



लोकतंत्र की आवाज
पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर में सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नवल किशोर झा ने प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयकुमार यादव को संपूर्ण वित्तिय प्रभार सहित अन्य संचिकाओं का प्रभार सौंप दिया इस दौरान प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयकुमार यादव ने कहा की सभी स्कूलों में नामांकित बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किया जायेगा तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के लिए जल्द ही सभी शिक्षकों के साथ आवश्यक बैठक कर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाएगा उन्होंने कहा की पीएम पोषण योजना के तहत स्कूल में बनाए जा रहें एमडीएम की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा उन्होंने सभी बच्चों को स्कूली ड्रेस में स्कूल अविधी में आनें के निर्देश दिए उन्होंने साफतौर पर कहा की स्कूलों में पठन पाठन सहित शिक्षण व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर बीआरपी विजय नारायण सिंह, बिनोद कुमार सिंह, एकाउंटेंट सुनील कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर अनुभव कुमार सिंह, शिक्षक मो हसन इमाम, शिवेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थें।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवसः सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पत्रकारिता को बताया लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ




लोक तंत्र की आवाज
अररिया । अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया जगत के पत्रकारों को शुभकामनाएँ दी और पत्रकारिता की लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकारों का काम न केवल समाज को जागरूक करना है, बल्कि वे सही जानकारी और निष्पक्ष रिपोर्टिंग से राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद ने कहा, प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की पहचान है और इसके माध्यम से ही हम जनहित की बातें उठा सकते हैं। मीडिया के माध्यम से जनता तक सच पहुँचाने की जिम्मेदारी पत्रकारों की है, जो उन्हें समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी निभाने का अवसर देती है। प्रदीप कुमार सिंह ने सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि वे हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण और उच्च नैतिक मानकों के साथ अपनी पत्रकारिता का निर्वाह करें ताकि लोकतंत्र को और भी मजबूत किया जा सके।

### अररिया में पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए सघन जागरूकता अभियान



लोक तंत्र की आवाज
अररिया। जिले में आगामी 17 से 21 नवंबर तक संचालित होने वाले पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो का टीका पिलाने के उद्देश्य से जिलेभर में शनिवार को सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और सार्वजनिक स्थानों पर फ्लैक्स, बैनर व पोस्टर लगाकर लोगों को अभियान के महत्व के बारे में बताया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस अभियान की अगुवाई करते हुए विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाए। पीएचसी अररिया से निकाली गई जागरूकता रैली का नेतृत्व बीडीओ अररिया अनुराधा कुमारी ने किया। इस रैली में पीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार निराला, बीएचएम खतीब अहमद, बीसीएम डोली सिंह, यूनिसेफ के बीसीएम जय कुमार झा और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना था।

**टीकाकरण का लक्ष्य: 5.70 लाख बच्चे:** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज ने बताया कि अभियान के तहत जिले में 5.70 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विशेष बूथ स्थापित किए गए हैं और डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा ताकि किसी भी बच्चे को पोलियो से बचाव की खुराक से वंचित न रह जाए। इसके अलावा, मुख्य ट्रांजिट स्थलों जैसे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी टीकाकर्मी तैनात किए गए हैं। बीडीओ अररिया, अनुराधा कुमारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं, ताकि हर बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही, डॉ. पंकज कुमार निराला ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से यह अभियान सफलतापूर्वक चलाया जाएगा।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर अररिया में 'चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस' विषय पर संगोष्ठी, मीडिया की भूमिका पर विचार-विमर्श

लोक तंत्र की आवाज



डा.रूद्र किंकर वर्मा
**अररिया ।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर अररिया में जिला प्रशासन और जिला जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन प्रभारी जिलाधिकारी सह अपर समाहर्ता अररिया, राजमोहन झा की अध्यक्षता में हुआ, जहां ₹चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस₹ विषय पर विभिन्न मीडिया कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें प्रभारी जिलाधिकारी और उपस्थित पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कर्मियों ने हिस्सा लिया।

**मीडिया के बदलते स्वरूप पर विचार:** संगोष्ठी में मीडिया की बदलती भूमिका और तकनीकी बदलावों के प्रभाव पर चर्चा की गई। विभिन्न मीडिया समूहों के प्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों ने वर्तमान दौर में मीडिया के सामने मौजूद चुनौतियों, प्रशासन और प्रेस के आपसी संबंधों, और मीडिया के डिजिटल स्वरूप में हो रहे बदलावों पर विचार प्रस्तुत किए।

**प्रेस की भूमिका पर अपर समाहर्ता का संदेश:** इस मौके पर अपर समाहर्ता ने मीडिया कर्मियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, ₹भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस हमेशा से जागरूक और सजग प्रहरी की भूमिका में रहा है। जिले के मीडिया कर्मियों से मैं अपील करता हूँ कि वे इस सजगता को निरंतर बनाए रखें और समाज की वास्तविकता को उजागर करते हुए पत्रकारिता के आदर्शों का पालन करें।

**उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर प्रकाश :** इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास निगम अररिया द्वारा एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना₹, ₹दहेज उन्मूलन₹, ₹बाल विवाह₹, ₹पालनाघर₹, और ₹लैंगिक हिंसा₹ जैसे विषयों पर चर्चा की गई। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं नोडल अधिकारी मिशन शक्ति, श्रीमती मंजुला कुमारी व्यास ने इन योजनाओं के उद्देश्य और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**उपस्थित अधिकारीगण और मीडिया प्रतिनिधि :** संगोष्ठी में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, अनिकेत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया, राम पुकार सिंह, जिला उप-निर्वाचन पदाधिकारी अररिया, डॉक्टर रामबाबू कुमार, वरीय उप समाहर्ता अररिया संजय कुमार, अरविंद कुमार, और अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अलावा जिले के प्रमुख प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और इस अवसर को महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित इस संगोष्ठी ने यह स्पष्ट किया कि मीडिया की भूमिका लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आयोजन प्रेस की भूमिका, उसकी चुनौतियों और उसके डिजिटल बदलावों पर विचार करने का एक सराहनीय प्रयास था, जो पत्रकारिता को एक नई दिशा देने में सहायक साबित होगा।

# भाकपा माले कोसी जोन की बैठक में ज्वलंत मुद्दों को लेकर आंदोलन का निर्णय



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** माले कोसी जोन के प्रमुख नेतृत्वकारी टीम की एक दिवसीय बैठक माले जिला सचिव ललन यादव के शिवपुरी मौहल्ला वार्ड नं.17 स्थित आवास पर पार्टी के राज्य स्थाई समिति सदस्य सह कोसी प्रभारी बैद्यनाथ यादव के उपस्थिति में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में लोक गायिका शारदा सिन्हा को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक में पार्टी के सदस्यता भर्ती, नवीकरण, सांगठनिक गतिविधि, नए पार्टी शाखा का निर्माण करने सहित पिछले कार्यों में हक दो- वादा निभाओं, बदलो बिहार न्याय यात्रा की समीक्षा किया गया।

कोसी संगठन प्रभारी बैद्यनाथ यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन के शासनकाल में दलित-महादलितों, गरीबों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों के ऊपर लगातार हमला जारी है पुरे बिहार में अपराध चरम पर है मजदूरी मांगने पर दलित मजदूरों के हाथ काट दिए जा रहे है। तो कही अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। महिलाओं का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार उद्योग का रूप ले लिया है महंगाई से आम जन बेहाल है बिहार सरकार द्वारा भूमिहीन परिवारों को जमीन देने के बदले रूपया देने का फैसला गरीब विरोधी है।

26 नवंबर को जीविका कैडरों व दीदियों के महाजुटान में पटना चलने एवं 28 नवंबर को महिला संगठन ऐपवा के द्वारा माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के मनमानी के खिलाफ मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन में पटना चलने एवं 5-6 दिसंबर को कोसी जोन के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर भाकपा माले के बैनर तले ₹हिसाब दो-जबाब दो₹ आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में माले जिला सचिव ललन यादव, रामचंद्र दास, विक्की राम, कुंदन यादव, वकील कुमार यादव, अशोक कुमार सुमन, मुकेश कुमार, सीताराम रजक, सागर कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## दो दर्जन असामाजिक तत्वों ने दिन दहाड़े राशन दुकान पर धावा बोल चावल-गेहूं के 80 बोरे तथा डेढ़ लाख नगद रुपये लूटकर हुआ फरार

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा संवाददाता।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटौनी पंचायत के वार्ड नंबर 8 स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान पर करीब दो दर्जन असामाजिक तत्वों ने गुरुवार को दिन दहाड़े धावा बोल घर मे प्रवेश कर चावल व गेहूं के करीब 80 बोरे लूटकर कर फरार हो गया। साथ ही दरवाजा पर रखे चार पहिया वाहन के शीशे से को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में डीलर रंभा कुमारी ने बख्तियारपुर थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

आवेदन में बताया कि दुकान पर उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी कर रही थी। इसी दौरान दिनेश साह, सुशील साह, सुभाष साह, निर्मल कुमार सहित लगभग 2 दर्जन से अधिक लोगों ने मेरे साथ हाथापाई एवं गाली गलौज करते हुए मेरे घर के बाहर लगे टीवी एवं चार चक्के वाहन के शीशे को तोड़ सामान की लूटपाट कर ली। इसी दौरान उजले रंग की पिकअप गाड़ी पर 45 बोरी चावल एवं 35 बोरी गेहूं एवं मेरी पुत्री पूजा कुमारी की जयपुर कॉलेज फीस की राशि बैग में रखे करीब डेढ़ लाख रुपए सहित बैग लेकर दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए। इस संबंध में बख्तियारपुर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अजय पासवान ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर कारवाई की जाएगी।

## 13.290 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज
**महिषी सहरसा संवाददाता।** जिले के महिषी थाना अध्यक्ष द्वारा गुरुवार को की गई कार्रवाई में 13.290 लीटर विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया था। महिषी थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बलुआहा गांव निवासी श्याम दास के पुत्र सुरेश कुमार विदेशी शराब का कारोबार करते हैं। जिनके बाद छापामारी की गई थी। छापामारी में उनके पास से 13.290 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किए गए थे। गिरफ्तार शराब कारोबारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था। जानकारी हो कि जिले में शराबबंदी पूरी नहीं हो पा रही है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं शराब के कारोबारी पकड़े ही जा रहे हैं।

## पूर्णिया में ऑनलाइन एग्जाम सेंटर का फर्जीवाड़ा भंडाफोड़, गिरोह के 39 सदस्य हुए गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज



डा. रूद्र किंकर वर्मा
**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने एसएससी की एमटीएस परीक्षा में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है, जिसमें डिजिटल ऑनलाइन परीक्षा केंद्र के कर्मियों सहित गिरोह के 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने गुलाबबाग के हासदा रोड स्थित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर छापेमारी की, जहां पर लाखों रुपये के गोरखधंधे का खुलासा हुआ। तीन पार्टनर मिलकर इस केंद्र का संचालन कर रहे थे, और पिछले एक साल से यहां फर्जी तरीके से परीक्षा में बैठाने का काम चल रहा था।

पुलिस जांच में यह सामने आया कि फर्जी छात्र सेंटर के कर्मियों की मदद से परीक्षा में बैठने के लिए होटल में ठहराए जाते थे। बायोमेट्रिक मिलान में धांधली की वजह से पुलिस को इस फर्जीवाड़े का पता चला। 39 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें 16 फर्जी छात्र, 12 असली छात्र, और 7 सेंटर के कर्मी शामिल हैं।

एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि इस गिरोह के मुख्य सरगना कटिहार का रोशन है और इसके साथ पटना के एक व्यक्ति का नाम भी सामने आया है, जो मैनेजर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने इन तीनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और उनके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरोह का यह नेटवर्क राज्य के कई जिलों में फैला हुआ था, और इसमें कई लोग शामिल थे। पुलिस ने साइबर थाना और उड़नदस्ता की मदद से जांच को तेज कर दिया है।

## पंचायत स्तरीय खेल मैदान का जमीन चिन्हित करने के लिए प्रखंड मनरेगा कार्यालय में पीओ ने किया मुखिया के साथ बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**पतरघट सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में मनरेगा योजना से बनने वाली पंचायत स्तरीय खेल मैदान का जमीन चिन्हित करने के लिए प्रखंड मनरेगा कार्यालय में पीओ ने मुखिया के साथ शुक्रवार को बैठक किया।

बैठक की अध्यक्षता करते पीओ मुकेश कुमार ने कहा प्रखंड क्षेत्र के ग्यारहों पंचायत में मनरेगा योजना से विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में एक पंचायत स्तरीय खेल मैदान बनाया जाना है।

उक्त खेल मैदान के लिए संबंधित मुखिया जी लोगों को जमीन या पूर्व से जीर्ण- शीर्ण स्थिति वाले खेल मैदान को चिन्हित कर प्रतिवेदन प्रखंड मनरेगा कार्यालय में प्रस्तुत करना है। पीओ ने खेल मैदान के लिए यथाशीघ्र जगह चिन्हित कर देने के लिए सभी मुखिया से आग्रह किया है।

बैठक में कनीय अभियंता परमानन्द ठाकुर, पीटीए सत्यनारायण कुमार, लेखापाल विकास कुमार झा, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र राणा, मुखिया रंजन यादव, अजय झा, धीरेन्द्र महतो, सोनम कुमारी, अनु देवी, रीना देवी, गंगा राम, बिनोद कुमार पप्पू सहित कई शामिल थें।

# पनोरमा स्टार सीजन 7 के समापन पर ई-होम्स पनोरमा में भव्य आयोजन

- समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक सुप्रीमो मुकेश सहनी एवं विभा कुमारी, महापौर पूर्णिया करेंगी

लोक तंत्र की आवाज



डा. रूद्र किंकर वर्मा
**पूर्णिया।** पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्टार सीजन 7, प्रॉपर्टी फेयर, लोन मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन इस बार भव्य रूप से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 22 से 24 नवम्बर 2024 तक ई-होम्स पनोरमा स्थित बायपास रोड पर आयोजित होगा।

समारोह का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व पशुपालन और मत्स्य पालन मंत्री तथा विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक सुप्रीमो मुकेश सहनी करेंगे, जबकि विभा कुमारी, महापौर पूर्णिया उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्योग से जुड़े उत्पादों के प्रदर्शन के साथ-साथ प्रमुख व्यक्तित्वों की उपस्थिति कार्यक्रम को और भी गौरवमयी बनाएंगी।

**संजीव मिश्रा का बयान :** कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने कहा, ₹हम इस बार पनोरमा स्टार सीजन 7 को पूरी तरह से एक नया और शानदार रूप देने जा रहे हैं। हर वर्ष की तरह, इस बार भी कार्यक्रम में विविधता, रंग और उत्सव का पूरा ध्यान रखा गया है। हम इसे न केवल मनोरंजन बल्कि एक बड़े व्यावसायिक अवसर के रूप में भी देख रहे हैं, जहां लोग विभिन्न प्रॉपर्टीज़ और लोन विकल्पों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹हमने इस कार्यक्रम में हर पहलू को पूरी सावधानी से तैयार किया है, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग इसका पूरा आनंद ले सकें। विशेषकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में बच्चों, युवाओं और वयस्कों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हम चाहते हैं कि इस आयोजन के दौरान हर किसी को एक सकारात्मक और यादगार अनुभव मिले।

संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए यह भी बताया कि सभी व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों और पार्किंग सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ₹हमारी प्राथमिकता है कि इस भव्य आयोजन में आने वाले प्रत्येक अतिथि को सुविधाजनक और सुरक्षित अनुभव मिले। इसीलिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है और हम पूरी टीम के साथ इसे सफल बनाने के लिए तैयार हैं,₹ उन्होंने कहा।

**समारोह में भागीदारी और सहयोग:** इस कार्यक्रम के दौरान पनोरमा ग्रुप द्वारा विभिन्न साझेदारों और आयोजकों से भी सहयोग लिया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख सामाजिक और व्यापारिक संगठन जैसे कि रियल एस्टेट डेवेलपर्स, बैंक और वित्तीय संस्थाएं अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे। साथ ही, कार्यक्रम में प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकारों के प्रदर्शन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल होंगी, जिससे यह आयोजन और भी आकर्षक और यादगार बनेगा।

**समाप्ति और आभार :** इस भव्य आयोजन का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाना है, बल्कि यह क्षेत्रीय व्यापार और उद्योग को भी बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की सफलता में पनोरमा ग्रुप की टीम पूरी मेहनत कर रही है और उन्हें पूरा विश्वास है कि यह आयोजन पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों में एक बड़ा प्रभाव छोड़ेगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया है और इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम का विवरण

22 नवम्बर 2024 (शुक्रवार): सुबह 10:30 बजे: वेद पाठ और प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन।
दोपहर 1:00 बजे: पनोरमा स्पोर्ट्स के पुरस्कार वितरण समारोह।
शाम 6:00 बजे: सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें विभिन्न नृत्य और संगीत प्रस्तुतियाँ होंगी।
23 नवम्बर 2024 (शनिवार): सुबह 10:30 बजे: घुड़सवारी और प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन।
दोपहर 1:00 बजे: नेशनल डिबेट का आयोजन, जिसमें देशभर से प्रतिभागी भाग लेंगे।
शाम 6:00 बजे: फोक नृत्य प्रतियोगिता, फैशन शो (जूनियर फाइनल) और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ।
24 नवम्बर 2024 (रविवार): सुबह 10:30 बजे: प्रतिभा प्रतियोगिता, प्रॉपर्टी फेयर और लोन मेला।
शाम 6:00 बजे: पुरस्कार वितरण, चाबी वितरण और बॉलीवुड कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

# आदिवासी महानायक क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जी की 149 वीं जंयती आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास जिलाध्यक्ष के आवास पर उलगुलान जननायक बिरसा मुंडा जी की 149वीं जयंती शुक्रवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करके जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी की लड़ाई में जल जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाले महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की शहादत से ही भारत को आजादी मिली। बिरसा मुंडा जी ने बहुत कम उम्र में अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर भारत के लोगों को आजादी दिलाई।

जन्मदिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा जी की शहादत को नमन करते हैं। जयंती कार्यक्रम को बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुबोध साह, महिला जिलाध्यक्ष पूजा चौधरी, छात्र जिलाध्यक्ष अमरेश पासवान, लोजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रतन कुमार साह, वर्षा रानी, महिषी प्रखंड अध्यक्ष सुशील पासवान उर्फ बबलू पासवान, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अध्यक्ष श्याम कुमार, सौर बाजार प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक आनंद, जिला उपाध्यक्ष के डी शर्मा, केदार साह, मोहम्मद अलाउद्दीन, नीतीश कुमार, अमित कुमार, प्रदीप पासवान, माणिक कुमार पासवान ने संबोधित कर उन्हें नमन किया।

# कलश यात्रा के दौरान डूबने से 15 वर्षीय युवक की मौत

लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज सहरसा।** प्रखंड क्षेत्र के सुरसर नदी स्थित सोनेसत्तर घाट पर शुक्रवार की दोपहर कलश यात्रा के दौरान डूबने से मलौधा गांव निवासी एक 15 वर्षीय युवक मिट्टू कुमार की मौत हो गई। डूबने की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। और नदी किनारे देखने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय गोताखोरों कि मद 5/12/टं मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। डूबने की सूचना के बाद जहाँ पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि घटना के बाद देखने वाले लोगों की भीड़ नदी किनारे भीड़ जुटने लगी।

घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार मलौधा गांव में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा को लेकर आयोजित दो दिवसीय मेले को लेकर शुक्रवार को कलशयात्रा निकाला गया। जो सोनेसत्तर घाट से जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचता। लेकिन सोनेसत्तर घाट पर जल भरने के दौरान मलौधा वार्ड नंबर 11 निवासी दयानन्द पासवान का पुत्र मिट्टू कुमार डूब गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।

मृतक के परिजनों के विलाप से हर आने जाने वाले लोगों की आंखें नम हो जाता था। जबकि गांव की अन्य महिलाएं के द्वारा उसे शांत करने में जुटी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही बसनहीं थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेजकर अग्रतर कारवाई में जुट गए। उक्त बाबत बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने बताया कि अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दो अलग–अलग बाइक दुर्घटना में एक युवक व एक महिला घायल



लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

गिद्धौर। थाना के अंतर्गत अलग अलग बाइक दुर्घटना में एक युवक व एक महिला घायल हो गया।घायल युवक राजपुर थाना क्षेत्र के लारा लुटु दाग गांव निवासी डेगन भुइंयां का 27 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार है।घटना बीते शुक्रवार की देर रात की है।बताया गया युवक ससुराल सिमरातरी से शराब के नशे में घर जा रहा था।इसी बीच अनियंत्रित हो गिर कर घायल हो गया।जबकि दूसरी घटना गिद्धौर के नूनीगढ़ा समीप अनियंत्रित हो बाइक दुर्धनाग्रस्त हो गया।जिसमे बांय गांव निवासी पवन राज की पत्नी सरिता देवी घायल हो गयी। इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल लाया गया।बताया गया कि महिला बांय गांव से चतरा जा रही थी।इसीबीच नूनी गढ़ा समीप अनियंत्रित हो दुर्घनाग्रस्त हो गया।और महिला घायल हो गयी।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी सम्मानित प्रेस प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं: उपायुक्त

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ




हजारीबाग (झारखंड) मीडिया के साथियों 16 नवंबर यानी राष्ट्रीय प्रेस दिवस की आप सबों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी प्रेस/ मीडिया के प्रतिनिधियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि प्रेस/मीडिया की समाज के प्रति जिम्मेवार भूमिका लंबे समय से रही हैं,आज के परिपेक्ष में बात की जाए तो यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो चुका है। समाज के सहज प्रहरी के रूप में मीडिया अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए यही उम्मीद है। प्रेस पक्षपात से मुक्त रहे और जनता को सूचित करने और शिक्षित करने के अपने कर्तव्य का पालन करे। वर्षों से, मीडिया लाखों लोगों के हितों की रक्षा करने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। इसके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देने के लिए, हमारे समाज में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की आवश्यक भूमिका का सम्मान करते हुए हर साल 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है।

### गिरिडीह भारतीय जनता पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ)

गिरिडीह, झारखंड। गिरिडीह के कई चौक चौराहों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा के सानिध्य अपने सहयोगियों के साथ किया गया जिसमें अरगा– घाट रोड एवं राजपूत मोहल्ला के मोड पर नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ। इस नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए बग्गा जी ने अपने ओजस्वी विचार रखे एवं केसरी जी ने कई योजनाओं के नाम गिनने के साथ–साथ भाजपा द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों को भी स्मरण कराया साथी साथ अन्य साथियों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार राखे परंतु सभा अंतर्गत जो उपस्थित लोगों की थी वह काम ही नहीं संतोषजनक भी नहीं थी।

# स्वीप अंतर्गत 16 नवंबर को मतदाता जागरूकता 200 मीटर दौड़ (महिला एवं पुरूष) में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

## वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों को दिलाई शपथ

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** विधान सभा आम चुनाव 2024 के तहत स्वीप कोषांग जिला प्रशासन,साहेबगंज द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर 16 नवंबर को जिले के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए मतदाता जागरूकता 200 मीटर दौड़ का आयोजन सिद्धो– कान्हू स्टेडियम साहेबगंज में किया गया।

जहां सतीश चंद्रा, वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग –सह– उपविकास आयुक्त, साहेबगंज ने सभी प्रतिभागियों,दर्शकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों को 20 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया।

इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, स्वीप कोषांग के आदित्य कुमार चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी,जिला बैडमिंटन संघ के जयकिशन शर्मा, सुमित चौबे ,खेल विभाग के प्रशिक्षक अशोक साहनी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक निमाई चौधरी ,पूर्व राष्ट्रीय एथलीट प्रेम हांसदा,गौरव झा समेत आवासीय एवं डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों का सराहनीय सहयोग रहा।

### परिणाम

पुरूष वर्ग 18 वर्ष से 20 वर्ष
प्रथम– शिवम कुमार मंडल
द्वितीय – जीत लाल मुर्मू
तृतीय – सोनोत मरांडी
21 वर्ष से 30 वर्ष
प्रथम – भुवन कुमार मंडल
द्वितीय – रोहित राय
तृतीय – पटवारी मरांडी
31 वर्ष से 40 वर्ष
प्रथम – मिथुन कुमार सिंह
द्वितीय – चंदन कुमार पहाड़िया
तृतीय – प्रकाश हांसदा
41 वर्ष से 50 तक
प्रथम – राजेश यादव,
द्वितीय – फसाहत अंसारी,
तृतीय – योगेश प्रसाद यादव
महिला वर्ग 18 वर्ष से 20 वर्ष
प्रथम – बिंदु कुमारी,
द्वितीय– संध्या कुमारी,
तृतीय – सलोनी मुर्मू
21 वर्ष से 30 वर्ष
प्रथम – ललिता कुमारी,
द्वितीय – सांझा कुमारी
तृतीय – राजरानी मिंज
41 वर्ष से 50 वर्ष
प्रथम – संजली हांसदा
द्वितीय – रूबी कुमारी
तृतीय – मीना ओझा

# सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** विधानसभा चुनाव–2024 को लेकर 03– बरहेट (अ0ज0जा0) के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली. साथ ही मौजूद पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

सामान्य प्रेक्षक द्वारा बरहेट प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 259 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उर्दू छोटा महगामा उत्तरी भाग, मतदान केंद्र संख्या 260 उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू छोटा महागामा दक्षिणी भाग, मतदान केंद्र संख्या 261 प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर, मतदान केंद्र संख्या– 262 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीमपुर पूर्वी भाग, मतदान केंद्र संख्या 263 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीमपुर उत्तरी भाग, मतदान केंद्र संख्या 264 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीमपुर पश्चिमी भाग, मतदान केंद्र संख्या 265 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीमपुर दक्षिणी भाग, मतदान केंद्र संख्या 266 उत्क्रमित मध्य विद्यालय तालझारी, मतदान केंद्र संख्या 276 उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुर्गापुर पूर्वी भाग मतदान केंद्र संख्या 277 उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुर्गापुर पश्चिम भाग का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक के द्वारा मतदान केंद्र में मूल भूत सुविधाओं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग प्वाइंट, नल की व्यवस्था और जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर 03– बरहेट (अ0ज0जा0) निर्वाची पदाधिकारी –सह– अपर समाहर्ता गौतम भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी , संबंधित बूथ के बीएलओ उपस्थित थे।

## भाकपा माले प्रखंड कमिटी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष मे बैठक कर शुरूकिया जनसम्पर्क



**लोकतंत्र की आवाज**
**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** मांडू विधानसभा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई के पटेल में भाकपा माले बिष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी ने बनासो के सिंचाई विभाग कैंपस में बैठक कर चुनाव प्रचार में उतरने का निर्णय लिया बैठक में पंचायत स्तर पर पार्टी के प्रभारी के तहत चुनाव में जनसंपर्क करने का निर्णय लिया गया बैठक में जिला सचिव पच्चु राणा आरडी मांझी प्रखंड के घनश्याम पाठक दुलारचंद प्रसाद साव निर्मल महतो सरफुद्दीन अंसारी करीमुद्दीन अंसारी बिरसा सिंह चिंतामणि महतो भुनेश्वर यादव संतोष यादव विजय पंडित समेत प्रखंड कमेटी के सदस्य शामिल हुए थे।

# हजारीबाग: मतदाताओं को जागरूकता के लिए गुरु ग्राम पब्लिक स्कूल द्वारा अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** शनिवार को विष्णुगढ़ स्थित गुरुग्राम पब्लिक स्कूल द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय के द्वारा सात माइल चौक से अखाड़ा चौक– हॉस्पिटल चौक होते हुए रैली निकाला गया। जिसकी शुरुआत विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा ने हरि झंडी दिखा कर किया। रैली में लगभग 200 से ज्यादा बच्चे, कई अभिभावक, शिक्षक/शिक्षिका एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आज कुछ लोग ईमानदारी से वोट नहीं होने देते हैं इसलिए हम सबको अपने भविष्य के बारे मे सोचते हुए सही चुनाव करना चाहिए। हमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के इस योगदान को अच्छा बताते हुए लोगों से कहा कि सभी अपना वोट ईमानदारी पूर्वक दे और अपना वोट जरूर करे। विद्यालय के निदेशक प्रभात कुमार ने बताया यदि हम सभी वोट नहीं डालते हैं तो हो सकता है कि हम अपना भविष्य अंधकार की ओर ले जाएंगे। निदेशक ने भी लोगों से अपना वोट डालने तथा सही चुनाव करने के लिए अपील की। विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने बताया कि लोकतंत्र का महा त्यौहार होता है मतदान इसलिए सभी को अपना वोट स्वेच्छा से डालना चाहिए।उन्होंने प्रखण्ड के सभी लोगों से कहा कि इस बार एक भी मतदान न छुटे और सभी मतदान करे। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री सपन महथा, विद्यालय निदेशक प्रभात कुमार, प्राचार्य सुभाष कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, समाज सेवी कृष्णा गुप्ता के साथ शिक्षक बासुदेव महतो, पंकज कुमार, रीतलाल महतो, रंजीत मिश्रा, राजेश रंजन, रंजीत रंजन, कामेश्वर कुमार, नंदनी कुमारी, सीमा कुमारी, सुजीत सिंह, प्रमोद कुमार के साथ कई अभिभावक और सैकड़ों बच्चे शामिल थे।

# अवैध खनिज की ढुलाई पर प्रशासन की बड़ी कारवाई

- उपायुक्त ने दिए थे जांच अभियान चलाने के निर्देश

**लोकतंत्र की आवाज**



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड) ।** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेशानुसार शुक्रवार रात्री 10.00 बजे अनुमण्डल दण्डाधिकारी सदर अशोक कुमार,अंचल अधिकारी, कटकमदाग,अंचल अधिकारी, बड़कागाँव के गठित टीम के द्वारा संयुक्त छापामारी की गई ।इस दौरान अवैद्य बालू लदे 4 हाईवा जो रात्री 10.30 बजे स्थान कुण्डीलबागी, थाना–कटकमदाग को हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जाते हुए जप्त किया गया एवं 03 बोल्डर लदे हाईवा तथा 01 गिट्टी लदे हाईवा को स्थान–ओदरना थाना–कटकमदाग जो हजारीबाग के तरफ सड़क मार्ग से जा रहा था, को जप्त किया गया।

मौके पर जब उक्त जप्त वाहनो के चालको से आवश्यक कानूनी दस्तावेज परिवहन चालान आदि की माँग की जाने पर उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसकी तत्काल सूचना थाना प्रभारी कटकमदाग को मोबाईल के माध्यम से दी गई एवं घटना स्थल पर बुलाकर वाहनो को जप्त कर थाना भेज दिया गया। वाहन में लदे खनिज से संबंधित ई–परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं करने से स्पष्ट है कि उक्त वाहन के द्वारा अवैद्य रूप से खनिज का परिवहन किया जा रहा था,जो झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशाधित) के नियम–'4' EUa '54' MMDR Act, 1957 के नियम–ब तथा Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम '9' एवं '13' का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है तथा यह सरकारी सम्पति एवं राजस्व के चोरी का भी मामला बनता है। उक्त सभी वाहनों पर निहित प्रावधानों के तहत कारवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# हंटरगंज बाजार में तेज हुई सियासी हवा को भांपने का कार्य

- वोटरों की चुप्पी से राजनीतिक दलों की बढ़ी बेचैनी

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**

**हंटरगंज(चतरा)।** मतदान के बाद जीत– हार के कयासों का दौर शुरू हो गया है। लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि कौन जीतेगा, कौन हारेगा, किस क्षेत्र से किसको बढ़त मिल सकती है। कुल मिलाकर मतगणना के बाद किसके सिर ताज बंधेगा और कौन मायूस होगा। आपस में बैठकर लोग जीत – हार की गणित लगाने में जुटे दिखाई दे रहे हैं।

शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की जीत–हार की समीक्षा हंटरगंज बाजार के चौक–चौराहे से लेकर गलियों में होने लगी है। अपने–अपने राजनीतिक दलों के समर्थक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है, जो 23 नवंबर को खुलेगी। चाय–पान की दुकानों, हाट बाजारों, बस स्टैंड परिसर, होटलों ,गलियों और चौक चौराहों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत का दावा ठोंक रहे हैं। वही जीत के लिए कई प्रकार के अंक–गणित भी बताए जा रहे हैं। हालांकि मतदाताओं की चुप्पी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। मतदान के साथ ही जीत व हार का मंथन का दौर जारी है। हर तरफ लोग सिर्फ जीत – हार की गणित लगाते ही नजर आ रहे हैं। हंटरगंज बाजार में शुक्रवार शाम कारू होटल और झीकटिया चाउमीन दुकान में बैठ कर लोग प्रत्याशियों की जीत हार की गणित लगाते नजर आए। हर तरफ सिर्फ अब किसके सिर ताज बंधेगा और कौन मायूस होगा। इसे लेकर चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि 23 तारीख के मतगणना के बाद ही इन चर्चाओं में विराम लगेगा।

# बूथों पर जरूरतमंदों को मिलेगी खास सुविधा

**लोकतंत्र की आवाज**




**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह ,झारखंड।** लोकतंत्र का महापर्व याद रखें मतदान को पर्व के साथ जोड़कर इसमें आपकी आस्था तथा समर्थन को प्रवेश दिया गया है। कहना गलत ना होगा कि जिस प्रकार आप अपने धर्म के प्रति समर्पित हैं उसी प्रकार आपको अपने तथा अपने परिचितों के प्रति भी मतदान में समर्पित होना होगा । यानी परिचितों को भी इस कार्य हेतु प्रेरित करना है परंतु कभी–कभी जब सजग मतदाता समय अभाव के कारण अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते हैं तो उन्हें बहुत ही आंतरिक उदासी का सामना करना पड़ता है ऐसा ही एक वाक्या आज एडवोकेट किशोर कुमार जी के साथ हुआ।

जब वह पोस्ट वोटिंग हेतु गिरिडीह समाहरणालय पहुंचे तो उन्हें यह जानकारी दी गई थी यदि आप दो दिन पूर्व पोस्ट वोटिंग हेतु आते तो सफलता पूर्वक मतदान कर सकते थे, यहां कारण यह है कि वकील साहब को मतदान डोय में करना था जिसका प्रखंड मेहरमा है विधानसभा –महागामा तथा जिला गोड्डा है, इस कारण अब संभव नहीं है जो भी हो समय से पूर्व पोस्ट वोटिंग वाले को अवश्य ही तैयार रहना चाहिए ताकि एक भी मतदान छूटे नहीं और लोकतंत्र रूठे नहीं।लेकिन यह जानकारी भी प्रत्येक मतदाता को होनी चाहिए कि मतदान केंद्र पर रैंप व व्हीलचेयर की सुविधा, ब्रेल ईवीएम की सुविधा, सांकेतिक भाषा, दिशा संकेत ,यातायात सुविधा मतदाता सहायता बूथ विशेष सहायक बिना कतर के मतदाता मतदाता सहायता बूथ, विशेष सहायक , इतनी सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है/ रहती है।

# गिरिडीह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** विधानसभा चुनाव–2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के आरके महिला कॉलेज में स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आरके महिला कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी–विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही



युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है।

इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, क्विज प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। साथ ही सभी से 20 नवंबर को मतदान करने की अपील किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डॉ सुमन कुमार, एस्पिरेशनल ब्लॉक फेलो, श्री रितेश कुमार, सहयोगी पदाधिकारी के रूप में नीलम कुमारी, किरण कुमारी समेत स्वीप कोषांग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुरादाबाद:बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री का सिर काटकर लाने वाले को दिया जाएगा 5 करोड़ का इनाम पूर्व विधायक विजय यादव

लोकतंत्र की आवाज़
संवाददाता सईद कुरैशी



ठाकुरद्वारा। शनिवार को नारायणी सेना कृष्ण के संरक्षक पूर्व विधायक विजय कुमार यादव ने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि बांग्लादेश में प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के संरक्षण में यदुवंशियों पर अत्याचार किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों को घरों से खींचकर मारा जा रहा है और बेघर किया जा रहा है। इस्कॉन मंदिर को तोड़ा गया है। अत्याचारी मोहम्मद यूनुस का सर काट कर लाने वाले को 5 करोड़ रूपया, फॉर्च्यूनर और डिफेंडर कार इनाम में दी जाएगी।विजय यादव ने कहा कि हम श्री कृष्ण के वंशज और अनुयाई है। भगवान श्री कृष्ण के उपवासको और भक्तों पर अत्याचार करने वाले को छोड़ेंगे नहीं। केंद्र सरकार अनुमति दे और संरक्षण दे तो अत्याचारी मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में घुसकर मारेंगे। उन्होंने असदुद्दीन ओवैसी ,अखिलेश यादव, मायावती और राहुल गांधी को पर निशाना चाहते हुए कहा कि वे अल्पसंख्यकों के हितेषी बनते हैं। लेकिन बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होने पर यह लोग क्यों चुप हैं।

### मोतिहारी: 26 लाख रुपए मूल्य का मादक पदार्थ और नशीली दवा के साथ एक नेपाली नागरिक गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारण। रक्सौल, गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ और नशीली दवा के साथ एक नेपाली युवक को रक्सौल पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसकी पुष्टि जिले के एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर करते हुआ बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल थाना और एएलटीएफ द्वारा संयुक्त रुप से छापेमारी कर कोईरिया टोला सैनिक रोड से 26 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ चरस 1.5 किलो,ब्राउन शुगर 100ग्राम, नशीली दवा कोरेक्स 22 पीस, कोरेक्स सिरप का डिब्बा 32 पीस, नेपाली नंबर के स्कूटी एक और एक मोटरसाइकिल के साथ वीरगंज नेपाल के मुरली निवासी को गिरफ्तार किया गया है।जिसकी कीमत 26 लाख आंकी गई है। इस छापेमारी में एसडीपीओ धीरेंन्द्र कुमार, पुअनि एकता सागर,परिपुअनि नहीं कुमारी,परिपुअनि कुमार प्रभात,पीटीसी विकास कुमार शामिल थे।

### झंडापुर अंतर्गत चोरी के मामले में थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार के अगवाई में तीन को किया गया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत बिहपुर प्रखंड के झंडापुर बाजार स्थित भगवती साड़ी सेंटर में चोरों द्वारा दुकान के पीछे का शटर व ग्रील काटकर चोरी करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है।चोरों की सारी हरकत दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है।इधर शुक्रवार को एसपी पूरण झा ने बताया कि इस घटना में संलिप्त तीन शातिर चोर औलियाबाद के मिथुन कुमार,जंगल कुमार व अभिजीत कुमार को झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार के नेतृत्व में गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गुरूवार को इस घटना को लेकर दुकान मालिक महेश प्रसाद साह के द्वारा लिखित आवेदन पर झंडापुर थाना कांड संख्या109/24 धारा 331 (4)/305/62 बीएनएस दर्ज किया गया था।एसपी ने बताया कि झंडापुर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज का तहकीकात एवं तकनीकी व मानवीय सूचना संकलन के आधार पर घटना में उर्पयुक्त नामजदों को गिरफ्तार किया गया।जिसे शुक्रवार को पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट मे प्रस्तुत किया गया।जहां से उसे जेल भेजा गया।

### मुरादाबाद:नगर पालिका सभासद ने विभिन्न मांगों को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में दिया प्रार्थना पत्र

लोकतंत्र की आवाज़
संवाददाता सईद कुरैशी

ठाकुरद्वारा। शनिवार को पालिका सदस्य ने संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन देकर वार्ड में खराब व टूटी हुई नालियों और स्लैब बनवाने की मांग की है नगर के वार्ड नंबर 16 निवासी पालिका सदस्य मोहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल रशीद ने संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि वार्ड 16 स्थित कब्रिस्तान का रास्ता टूटा व कच्चा पड़ा है। बरसात के समय में पानी भर जाने के कारण रास्ता बंद हो जाने से कठनाई का सामना करना पड़ता है। जिसे बनवाया जाए। अली गफ्फार के मकान से लेकर सलीम कुरैशी के मकान तक रास्ता टूटा है। जिसे बनवाना अति आवश्यक है। गोशाला के पास का रास्ता व नाली वर्तमान समय में कच्ची है। बरसात के समय में पानी भर जाने के कारण आने जाने में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है उसे बनवाया जाए। वार्ड में कई रास्ते खराब है जिन्हें बनवाया जाए और खम्बों पर नई लाईटे भी लगवाईं जाऐं और तिकोनिया चौराहे पर एक सरकारी सुलभ शौचालय बनवाया जाए।

# बदलती पत्रकारिता पर चर्चा के साथ प्रशासन व पत्रकारों के बीच भेदभावपूर्ण रवैया उजागर

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

**लोक तंत्र की आवाज**



**अररिया।** अररिया समाहरणालय परिसर में 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2024 के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था चेंजिंग नेचर ऑफ प्रेस यानी बदलती हुई पत्रकारिता₹0। कार्यक्रम की शुरुआत जिला प्रशासन के अधिकारियों और पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की। इस अवसर पर पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और उसके प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई, लेकिन इस दौरान प्रशासन और मीडिया के बीच कुछ भेदभावपूर्ण व्यवहार भी उजागर हुआ, जिसने मीडिया जगत के भीतर कुछ महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं।

**● कार्यक्रम में प्रशासन ने प्रिंट मीडिया को दी प्राथमिकता, डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को किया उपेक्षित, उन्हें बोलने का भी समय नहीं दिया गया**

**प्रिंट मीडिया को प्राथमिकता, डिजिटल मीडिया को उपेक्षित :** कार्यक्रम के दौरान जब पत्रकारों को सम्मानित करने का समय आया, तो यह स्पष्ट हो गया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकताएँ भिन्न थीं। सम्मान का मुख्य फोकस प्रिंट मीडिया के पत्रकारों पर था, जबकि इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को नजरअंदाज कर दिया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया, लेकिन डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को इस सम्मान से दूर रखा गया। यह भेदभावपूर्ण रवैया कई सवालों को जन्म देता है, खासकर तब जब मीडिया का क्षेत्र पूरी तरह से डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, पत्रकारों ने इस पर कोई विरोध दर्ज नहीं किया, क्योंकि ऐसा करने से कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावित हो सकता है और यह राष्ट्रीय प्रेस दिवस की गरिमा के खिलाफ होता।

**ऐसे पत्रकारों को बोलने का भी समय नहीं दिया गया :** कार्यक्रम में एक और विवादास्पद बात यह रही कि कई पत्रकारों को अपने विचार रखने का मौका नहीं दिया गया। आयोजकों ने केवल कुछ चुनिंदा पत्रकारों को बोलने का अवसर दिया, जबकि कई अन्य ने भी अपने अनुभव और विचार साझा करने की इच्छा जताई थी। यह स्थिति इस बात को उजागर करती है कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी पत्रकारों को समान महत्व नहीं दिया गया। यह एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि एक कार्यक्रम जो प्रेस की स्वतंत्रता और महत्व को मान्यता देने के लिए आयोजित किया जाता है, उसमें पत्रकारों को बोलने का अधिकार तक नहीं दिया गया।

**डिजिटल मीडिया के प्रति सोच में बदलाव की आवश्यकता :** पत्रकारों का मानना था कि प्रशासन अब भी डिजिटल और सोशल मीडिया को गंभीरता से नहीं लेता, जबकि इन प्लेटफार्मों का प्रभाव और पहुंच दिन–ब–दिन बढ़ रही है। पत्रकारों ने प्रशासन से यह आग्रह किया कि वे डिजिटल मीडिया को भी मुख्यधारा में लाएं और इसे सम्मान प्रदान करें।

**समान महत्व से विकास की उम्मीद :** कार्यक्रम में यह बात भी सामने आई कि जिला प्रशासन अब भी प्रिंट मीडिया को प्राथमिकता देता है, जो अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उपेक्षित महसूस कराता है। डिजिटल मीडिया के पत्रकारों ने कहा कि यह भेदभाव बदलती पत्रकारिता की दिशा को कमजोर करता है और अररिया जैसे जिले के विकास में बाधक हो सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि जिले के प्रगति के लिए सभी प्रकार के मीडिया को समान महत्व देना बेहद आवश्यक है।राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2024 का यह कार्यक्रम पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। हालांकि, इसने प्रशासन और पत्रकारों के बीच कुछ गंभीर मुद्दों को उजागर किया, जो दोनों के बीच समन्वय की कमी और मीडिया के विभिन्न रूपों के प्रति भेदभाव को दर्शाते हैं। प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर संवाद से न केवल पत्रकारिता का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि अररिया जिले के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

## मुरादाबाद बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे डीआईजी मुनिराज



**लोकतंत्र की आवाज़**

**रिपोर्ट नवील अहमद**

**मुरादाबाद।** पुलिस लाइंस की यूपी पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेजबान खिलाड़ियों का दबदबा रहा। उन्होंने दोनों ही प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से खूब तालियां बजीं। 45 वर्ष प्लस मिक्स डबल बैडमिन्टन प्रतियोगिता में डीआइजी मुनिराज जी व दीनदयाल ने राजेश व दुष्यन्त को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डीआइजी के शानदार प्रदर्शन को सभी ने सराहा।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिक्स डबल्स क्वार्टर फाइनल में कपिल व पीयूष, आइपीएस चारू निगम व शुभम मलिक, राजन यादव वाराणसी जोन ने, सिमरन चौधरी मेरठ जोन ने अपने अपने मैच जीते। 45 वर्ष प्लस डबल्स सेमीफाइनल मैच में कदीम अली व वरूण पंवार ने नरेन्द्र व प्रीतम भाटी को हराया। टेबल पुलिस लाइंस में बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रतिभाग टेनिस 40 प्लस में मुनिराज जी (पुलिस उप–महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र) व दीनदयाल ने महेश चन्द पांडेय व विश्राम सिंह को कड़े मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मिक्स डबल्स सेमीफाइन में सुव्रतारज वर्मा व सृष्टि जायसवाल ने राहुल व रोमी को हराकर कर करतीं खिलाड़ी सौ पुलिस फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में 13 टीमों के कुल 296 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। निर्णायक मंडल में अजय पाठक आरएसओ मुरादाबाद, मनोज कुमार, वर्षा चाहर, आसिफ सिद्दीकी, फिरोज खान, पीसी महेश चन्द पांडेय, पीसी शिवनारायण राजपूत, पीसी जगदीश कनौजिया, पुलिस लाइंस में आयोजित की गई उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता मेजबान खिलाडियों का प्रतियोगिता में रहा दबदबा, शानदार प्रदर्शन से वाहवाही बटोरी मुनीराज जी, डीआइजी पीसी धीरेंद्र पांडेय, विक्रम सिंह, पीसी सतीश कुमार, पीटीआइ सुधीर शर्मा, आरक्षी रविन्द्र कसाना मौजूद रहे। प्रतियोगिता का दिंनाक 17 नवंबर को होगा समापन ।

### मुरादाबाद:तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, 22 फरियादियों ने पहुंचकर की शिकायतें



**लोकतंत्र की आवाज़**

**संवाददाता सईद कुरैशी**

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में तहसीलदार भूपाल सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 22 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराई।

मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका जबकि पांच शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया है साथ ही तहसीलदार ने शिकायतों का समय से निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस दौरान संपूर्ण समाधान दिवस में विकास खंड अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ,नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य ,शिव प्रकाश सरोज,कानूनगो अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# मोतिहारी: सीमावर्ती प्रखंड एवं अन्य प्रखंडों में उर्वरक प्रतिष्ठानों का सघन जांच की गयी

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** जिलाधिकारी, के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के स्तर से दिनांक 15.11.2024 को पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत सीमावर्ती प्रखंड एवं अन्य प्रखंडों में अवस्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान कुल 17 दुकानदारों को अनियमित उर्वरक व्यवसाय के आरोप में उनके अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही एक उर्वरक प्रतिष्ठान से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

**स्पष्टीकरण उर्वरक प्रतिष्ठान निम्न प्रकार है:** मे0 आदर्श कृषि केंद्र, अरेराज। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक को निदेशित किया गया कि अपने कार्य में क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें एवं प्रत्येक प्रतिष्ठानों का नियमित रूप से जांच सुनिश्चित करें ताकि उर्वरक के निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री का शत–प्रतिशत अनुपालन किया जा सके। इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक की प्राप्ति हेतु विभाग प्रतिबद्ध एवं सजग है।

जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा संबंधित कर्मियों को निदेशित किया गया कि किसानों को डी0ए0पी0 के जगह एन0पी0के0 का प्रयोग करने हेतु सुझाव दें।



**निलंबित उर्वरक प्रतिष्ठान निम्न प्रकार है**

मे0 अमन ट्रेडर्स, आदापुर। मे0 प्रीतम खाद बीज भंडार, अरेराज। मे0 कुशवाहा खाद बीज भंडार, अरेराज। मे0 गुप्ता ट्रेडर्स, अरेराज। मे0 कृषि खाद बीज भंडार, छौड़ादानों। मे0 गुड्डु खाद बीज भंडार, आदापुर। मे0 कृष्णा खाद बीज भंडार, छौड़ादानों। मे0 न्यू डब्ल्यू खाद भंडार, छौड़ादानों। मे0 अजीत बीज भंडार, कोटवा। मे0 आर0आर0 इंटरप्राईजेज, पहाड़पुर। मे0 हलधर ट्रेडिंग, रक्सौल। मे0 डी0एस0 इंटरप्राईजेज, आदापुर। मे0 गिरजा इंटरप्राईजेज, आदापुर। मे0 कुशवाहा खाद बीज भंडार, आदापुर। मे0 महेश खाद भंडार, आदापुर। मे0 संजय खाद भंडार, आदापुर। मे0 कुशवाहा खाद बीज भंडार, आदापुर।

# जगदीशपुर: नामांकन के अंतिम दिन 29 अध्यक्ष पद के लिए हुआ नामांकन

**लोकतंत्र की आवाज**



**जगदीशपुर।** स्थानीय जगदीशपुर प्रखंड सूचना प्रौद्योगिक भवन में पैक्स चुनाव के नामांकन अंतिम दिन 29 अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं विभिन्न कोटि के प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए कुल 153 अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा। प्रखंड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन के तीसरे व अंतिम दिन तक 19 पैक्सों के लिए कुल 68 अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों व विभिन्न कोटि के प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए कुल 297 अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया है।

वहीं अंतिम दिन तक कुल 409 अभ्यर्थियों ने नाजिर रसीद लिया। जिसमें अध्यक्ष के लिए 76 व प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए 333 अभ्यर्थियों द्वारा नाजिर रसीद कटाया गया था। शिवपुर से सरोज कुमार सिंह, बरनांव से सुशील सिंह टाइगर, बसौना से अमित कुमार, बभनियांव से दिनेश सिंह, दावां से हरेकृष्णा सिंह, उतरवारी जंगल महाल रामेश्वर प्रसाद आदि ने पूरे उत्साह के साथ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया। तीसरे दिन नामांकन कक्ष में अंतिम समय तक डिप्टी कलेक्टर सोनल सिंह और बीडीओ सुदर्शन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ग़ौरतलब हो कि नामांकन के प्रथम दिन कुल 120 व दूसरे दिन कुल 63 अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था।

# मोतिहारी में एएनएम छात्राओं ने सदर अस्पताल से निकाली जागरुकता रैली

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।**16 नवंबर पोलियो से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एएनएम छात्राओं ने सिविल सर्जन व सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल दुबे की मौजूदगी में सदर अस्पताल मोतिहारी से जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 17 से 21 नवम्बर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इसमें 5 वर्ष तक के 1 लाख 81 हजार बच्चों को पोलियो से बचाव को दवा पिलाई जाएगी। सीएस ने कहा कि पोलियो जैसे गंभीर रोग से हमारे बच्चों को बचाने के लिए टीकाकरण करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के मामले फिर से बढ़ने की पृष्ठभूमि में प्रतिरक्षा स्तर को ऊंचा रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक प्रातः वैक्सीन वितरण की मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से की जायेगी। प्रतिदिन ब्लॉक में शाम की बैठक आयोजित होगी और सभी पर्यवेक्षकों की 100% उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। छूटे हुए क्षेत्र और इनकार वाले क्षेत्र को तुरंत सूचित किया जाएगा और वहाँ विशेष व्यवस्था की जायेगी। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह,डीआईओ डॉ.शरतचंद्र शर्मा,प्रबंधक कौशल दुबे, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. मनोज तुमराडा, यूनिसेफ के एसएमसी डॉ. धर्मेन्द्र कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# कोहरे आने के बाद सड़क पर काल बन रहे ओवरलोड गन्ना से लदे ट्रक और ट्राली

**लोकतंत्र की आवाज**





**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** सड़कों पर अब घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। सड़कों पर ओवरलोड गन्ने लदे ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियां काल बनकर दौड़ने लगी हैं। चीनी मिल में गन्ना भरकर जाने वाले वाहनों में ना तो सही लाइट है और ना ही वाहनों में रेडियम लगे हैं। ओवरलोड भरकर चलने वाले वाहन रात्रि में दिखाई नहीं देते जिससे लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। बढ़ते कोहरे के साथ–साथ क्षेत्र में दुर्घटनाएं भी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। जिले में यातायात माह की शुरूआत हो चुकी है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लगाने में जिम्मेदार असफल साबित हो रहे हैं। चीनी मिलो की लापरवाही के कारण हर साल दर्जनों लोग अपनी जान खो देते हैं। वही ओवरलोड गन्ना की वजह से सड़क किनारे व्यवसायों और अन्य लोगों के घरों में बिजली आपूर्ति के लिए लगे रोज केवल टूट रही हैं।

चीनी मिल शुरू होते ही थाना क्षेत्र में रोज बड़ी संख्या में ओवरलोड गन्ना वाहन फरार्टा भरते नजर आते है। हालत यह है कि आए दिन गन्ने लदे ओवरलोड वाहनों के पलटने की घटनाएं होती है जिसे असमय में ही लोग काल के गाल में समा जाते हैं। इसके अलावा भारी में फंसकर गन्ने की गाड़ी सड़क पर चल रहे बाइक सवार चार पहिया वाहन तथा राहगीरों के ऊपर गिरते जाते हैं। जिससे लोग जख्मी भी हो जाते हैं। जिला प्रशासन व पुलिस की ढिलाई कहीं किसी बड़ी घटना का कारण न बन जाए।

# मोतिहारी: एक दिवसीय कृषि कार्यशाला आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** शहर प्रखंड स्थित किसान भवन में शनिवार को मनरेगा के अधिन संचालित योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से चंपारण खेल क्रांति के तहत अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता डीडीसी शंभु शरण पांडेय ने की।

इस कार्यशाला में पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों के अलावा संबंधित अधिकारियों व कर्मीयो ने भाग लिया ताकि दोनों के बीच समन्वय स्थापित होने से कार्य में तेजी लाया जा सके। इस दौरान डीडीसी ने कहा कि पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि अपने दायित्व का निर्वहन करें तथा बुलंद हौसले के साथ उड़ान भरें 6 माह के अंदर (मनरेगा)के तहत बहुत सारा कार्य किया जा सके जिसमें मुख्य रूप से पंचायत स्तर पर खेल मैदान व उसका सौन्दर्यिकरण आदि शामिल है।

पंचायत स्तर पर खेल के मैदान स्टेडियम एवं मार्ट का रूप लेगा इसके माध्यम से रोजगार का अवसर बढ़ेगा। मैदान के लिए जमीन से वंचित पंचायत अविलंब सीओ से संपर्क कर चिन्हित करने सहित प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छता अभियान अंतर्गत शौचालय से वंचित घरों की पहचान कर 1गढ्ढा खोद कर शौचालय घर निर्माण करने एवं सोख्ता व गली नाली आदि में तेजी लाने समेत अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश दिया ताकि मनरेगा का छवि ब्राइट हो सके इसके लिए सभी तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ जनप्रतिनिधियों सहित अन्य के द्वारा पुछे गए प्रश्न का उत्तर भी दिया।वहीं अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पीआरएस आदि पर शॉ कॉज के लिए आदेश दिया।

साथ ही जिला से आए डीआरडीए निदेशक जयराम चौरसिया डीपीओ मनरेगा राजेश कुमार सिंह डीसी गौतम कुमार आदि ने पशु शेड,जीविका भवन निर्माण एवं उसका संचालन ,प्रधानमंत्री आवास योजना, जनजीवन हरियाली आदि पर विस्तार से कार्यशाला में शामिल लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आदित्य मानस की। मौके पर सभापति पवन सर्राफ प्रमुख कुमारी रीना उप प्रमुख अर्पणा पांडेय व मुखिया ममता सिंह, राजीव रंजन, अजय कुमार यादव, हेमंत कुमार सिंह व समाजसेवी सुनील सिंह एवं रोहित कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।